शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 145 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरुवार 20 जून 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## भारतीय सेना का सिक्किम में राहत अभियान जारी

**गुवाहाटी**

सिक्किम में पिछले हफ्ते आई भारी बारिश और भूस्खलन की वजह से सड़क मार्ग टूट जाने के बाद हजारों पर्यटक जगह-जगह फंस गए। जिन्हें निकालने के लिए प्रशासन ने सेना का सहारा लिया। वहीं, पीआरओ रक्षा गुवाहाटी ने बताया कि भारतीय सेना त्रिशक्ति कोर ने उत्तरी सिक्किम में राहत अभियान जारी रखा है। बड़ी संख्या में भूस्खलन के कारण, जहां भी कनेक्टिविटी मौजूद है, वहां पर्यटकों को पैदल और वाहन से ले जाया जा रहा है। आगे बताया कि भारतीय सेना के इंजीनियर कनेक्टिविटी बहाल करने के लिए जनशक्ति और भंडार प्रदान करके बीआरओ की सहायता कर रहे हैं। चिकित्सा टीमों ने चिकित्सा सहायता बूथ स्थापित किए हैं और जरूरतमंद निवासियों और पर्यटकों को चिकित्सा देखभाल प्रदान कर रहे हैं।

## भारत का समुद्री खाद्य निर्यात अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा

**नई दिल्ली**

**देश का** समुद्री खाद्य निर्यात अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का समुद्री खाद्य निर्यात मात्रा के हिसाब से तीन फीसदी बढ़ गया है, जबकि मूल्य के हिसाब से यह लगभग आठ फीसदी गिरा है। वाणिज्य एवं उद्योग विभाग ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि भारत का समुद्री खाद्य पदार्थ का निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 में मात्रा के लिहाज से तीन फीसदी बढ़ा है। लेकिन, मूल्य के हिसाब से यह लगभग आठ फीसदी गिरा है। आंकड़ों के मुताबिक मात्रा के लिहाज से निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान बढ़कर 17,81,602 टन पर पहुंच गया है। इसकी कीमत 7.38 अरब डॉलर है। वहीं, वित्त वर्ष 2022-23 में यह 17,35,286 टन रहा था और इसकी कीमत आठ अरब डॉलर थी। मंत्रालय ने कहा कि 4.88 अरब डॉलर के निर्यात के साथ फ्रोजन झींगा समुद्री खाद्य निर्यात में सबसे ऊपर बना हुआ है। इसकी मात्रा में 40.19 फीसदी और डॉलर के संदर्भ में 66.12 फीसदी की हिस्सेदारी थी। मंत्रालय के मुताबिक ब्लैक टाइगर झींगा के निर्यात में भी अच्छी वृद्धि दर्ज की गई है।

# 14 खरीफ फसलों की एमएसपी बढ़ाई गई

## धान का एमएसपी 117 बढ़ाकर 2300 किया, 2 लाख नए गोदाम बनाने का टारगेट

**नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने 14 खरीफ फसलों की मिनिमम सपोर्ट प्राइस (एमएसपी) बढ़ा दी है। केंद्रीय कैबिनेट में बुधवार को यह फैसला लिया गया। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि धान की नई एमएसपी 2,300 रुपए तय की गई है, जो पिछली एमएसपी से 117 रुपए ज्यादा है। कपास की नई एमएसपी 7,121 रुपए तय की गई है। इसकी एक दूसरी किस्म की नई एमएसपी 7,521 रुपए कर दी गई है, जो पहले से 501 रुपए ज्यादा है। वैष्णव ने बताया ने कि देश में 2 लाख नए गोदाम बनाए जाएंगे। नई एमएसपी से सरकार पर 2 लाख करोड़ रुपए का बोझ बढ़ेगा। यह पिछले फसल सीजन की तुलना में 35 हजार करोड़ रुपए ज्यादा है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि एमएसपी फसल की लागत का कम से कम 1.5 गुना होनी चाहिए।

**तुअर दाल की एमएसपी में 400 रुपए की बढ़ोतरी**

केंद्रीय कैबिनेट ने मक्का और दालों की मिनिमम सपोर्ट प्राइस (एमएसपी) में बढ़ोतरी को भी मंजूरी दी है। तुअर दाल की एमएसपी को 550 रुपए प्रति क्विंटल और उड़द दाल की टरढ को 450 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाने को मंजूरी दी है। इसके बाद अब तुअर दाल की एमएसपी बढ़कर 7550 रुपए प्रति क्विंटल और उड़द दाल की एमएसपी 7400 रुपए प्रति क्विंटल हो गई है। इसके साथ ही मक्का की एमएसपी 135 रुपए प्रति क्विंटल और मूंग की एमएसपी 124 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाई गई है।

**क्या है एमएसपी या मिनिमम सपोर्ट प्राइस**

न्यूनतम समर्थन मूल्य वो गारंटीड मूल्य है जो किसानों को उनकी फसल पर मिलता है। भले ही बाजार में उस फसल की कीमतें कम हो। इसके पीछे तर्क यह है कि बाजार में फसलों की कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव का असर किसानों पर न पड़े। उन्हें न्यूनतम कीमत मिलती रहे। सरकार हर फसल सीजन से पहले कमीशन फॉर एग्रीकल्चर कॉस्ट एंड प्राइजेज की सिफारिश पर एमएसपी तय करती है। यदि किसी फसल की बम्पर पैदावार हुई है तो उसकी बाजार में कीमतें कम होती हैं, तब एमएसपी उनके लिए फिक्स एश्योर्ड प्राइस का काम करती है।



**कपास का एमएसपी 501 रुपये बढ़ा**

**कैबिनेट ने 2024-25 खरीफ फसल सीजन के लिए धान के एमएसपी में 117 रुपये से 2,300 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि को मंजूरी दी**

**कैबिनेट ने धान, रागी, बाजरा, ज्वार, मक्का और कपास सहित 14 खरीफ सीजन की फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दी है**

**सरकार की ओर से 2 लाख गोदाम बनाने का काम किया जा रहा है**

**कैबिनेट ने 2024-25 खरीफ फसल सीजन के लिए धान के एमएसपी में 117 रुपये से 2,300 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि को मंजूरी दीः सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव**

## कैबिनेटः दो लाख नए गोदाम बनाने का फैसला



**पिछले** फसल सीजन की तुलना में 35 हजार करोड़ रुपये ज्यादा होगा। 2004-14 की तुलना करें तो मोदी के कार्यकाल में हर फसल पर ज्यादा खरीद की गई। पैदावार की सुरक्षा की चिंता करते हुए सरकार ने पंचायत स्तर पर दो लाख नए गोदाम बनाने का फैसला किया है। वैष्णव ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि की सिफारिश तिलहन एवं दालों के लिए की गई है। धान की फसल का एमएसपी 117 रुपये बढ़ाया गया है।

**एमएसपी के दायरे में कुल 23 फसलें शामिल**

कपास का नया एमएसपी 7,121 रुपये होगा। इसकी एक अन्य किस्म का एमएसपी 7,521 रुपये होगा। यह पहले से 501 रुपये ज्यादा है। तिल 632 रुपये प्रति क्विंटल और अरहर दाल 550 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है।एमएसपी वह निर्धारित मूल्य होता है जो किसानों को उनकी उपज की लागत की तुलना में लगभग डेढ़ से गुना ज्यादा होता है।

कमीशन फार एग्रीकल्चर कास्ट एंड प्राइजेस की सिफारिश पर केंद्र और राज्य सरकार दोनों मिलकर विमर्श के बाद इसे तय करते हैं। अभी एमएसपी के दायरे में कुल 23 फसलों को शामिल किया गया है।

## वाराणसी हवाई अड्डे के विकास को मंजूरी




**कैबिनेट** ने 2869.65 करोड़ रुपये की लागत से लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, वाराणसी के विकास को मंजूरी दी। प्रस्ताव में रनवे को 4075 मीटर गुना 45 मीटर तक विस्तारित करना और 20 विमानों को पार्क करने के लिए एक नए एप्रन का निर्माण करना शामिल है। एयरपोर्ट को ग्रीन एयरपोर्ट की तरह विकसित किया जाएगा। इसमें 2869.65 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसके अलावा कैबिनेट ने केंद्रीय क्षेत्र योजना "राष्ट्रीय फोरेंसिक अवसंरचना संवर्धन योजना" (एन.एफ.एल.ई.एस.) को मंजूरी दी।

योजना के तहत राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय और केन्द्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के कैंपस तैयार किए जायेंगे। परिसरों, प्रयोगशालाओं और बुनियादी ढांचे में वृद्धि के लिए 2254.43 करोड़ रुपये का वित्तीय परिव्यय किया जाएगा।

**गुजरात-तमिलनाडु के तटों पर 500 मेगावाट क्षमता की पवन ऊर्जा परियोजनाओं को मंजूरी**

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएफ) योजना को मंजूरी दी है। योजना का लक्ष्य भारत में पहली बार अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करना है। इसके तहत गुजरात और तमिलनाडु में 500-500 मेगावाट ऊर्जा उत्पादन क्षमता वाली परियोजनाएं स्थापित की जायेंगी। इससे 3.72 अरब नवीकरणीय ऊर्जा प्रतिवर्ष तैयार होगी और प्रतिवर्ष 29.8 लाख टन कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आएगी।

## खड़गे ने लोकसभा स्पीकर, राज्यसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा

### संसद परिसर में गांधी-अंबेडकर की प्रतिमाएं पुरानी जगह लगाने की मांग की



**नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संसद परिसर में महापुरुषों की प्रतिमाओं को एक स्थान पर लाए जाने पर आपत्ति जाहिर की है और राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने मांग की है कि महापुरुषों की प्रतिमाओं को उनके मूल स्थान पर फिर से स्थापित किया जाए। कांग्रेस अध्यक्ष ने सभापति को लिखे पत्र में कहा है कि महात्मा गांधी और डॉ. बाबासाहब आम्बेडकर समेत कई महान नेताओं की प्रतिमाओं को संसद भवन परिसर में उनके प्रमुख स्थानों से हटाकर एक अलग कोने में स्थापित कर दिया गया है। यह मनमाना और लोकतंत्र की मूल भावना के खिलाफ है। खरगे ने कहा कि प्रत्येक प्रतिमा और संसद भवन परिसर में उसका स्थान अत्यधिक मूल्य और महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि संसद भवन परिसर में राष्ट्रीय नेताओं और सांसदों के चित्र और प्रतिमाएं स्थापित करने के लिए एक समर्पित समिति है। इस समिति में संसद के दोनों सदनों के सांसद शामिल हैं। अफसोस की बात है कि 2019 के बाद से समिति का पुनर्गठन नहीं किया गया है।

## किताबें भले जल जाएं, ज्ञान नहीं मिटताः पीएम



**नालंदा**

**पीएम** नरेंद्र मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय के नए कैंपस का उद्घाटन किया। नए कैंपस में पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री ने बोधि वृक्ष लगाया। वहीं, उन्होंने अपना संबोधन भी दिया। प्रधानमंत्री ने कहा,"नालंदा केवल एक नाम नहीं है। नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, मंत्र है, गौरव है, गाथा है।

नालंदा इस सत्य का उद्घोष है कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं। प्रधानमंत्री ने नालंदा के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व का जिक्र करते हुए कहा," प्राचीन नालंदा में बच्चों का एडमिशन उनकी पहचान, उनकी राष्ट्रीयता को देखकर नहीं होता था। हर देश, हर वर्ग के युवा यहां आते थे।"

पीएम मोदी ने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय के इस नए कैंपस में हमें उसी प्राचीन व्यवस्था को फिर से मजबूती देनी है। दुनिया के कई देशों से यहां छात्र आने लगे हैं। यहां नालंदा में 20 से ज्यादा देशों के छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। ये वसुधैव कुटुंबकम की भावना का कितना सुंदर प्रतीक है।

**भारत के सभी मित्र देशों का अभिनंदन करता हूं**

पीएम मोदी ने कहा,"नालंदा केवल भारत के ही अतीत का पुनर्जागरण नहीं है। इसमें विश्व के एशिया के कितने ही देशों की विरासत जुड़ी हुई है। नालंदा यूनिवर्सिटी के पुनर्निर्माण में हमारे साथी देशों की भागीदारी भी रही है। मैं इस अवसर पर भारत के सभी मित्र देशों का अभिनंदन करता हूं।" पीएम मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय से पूरी दुनिया को संदेश भी दिया। पीएम मोदी ने कहा, 'नालंदा केवल भारत के अतीत का ही पुनर्जागरण नहीं है, इसमें भारत ही नहीं एशिया के कितने देशों की विरासत जुड़ी है। एक यूनिवर्सिटी के उद्घाटन में इतने देशों के प्रतिनिधियों का शामिल होना अपने आप में अभूतपूर्व है।

## कांग्रेस मुख्यालय में राहुल गांधी ने जन्मदिन मनाया



### खड़गे ने हाथ पकड़कर केक कटवाया, प्रियंका बोलीं- मेरे दोस्त-मार्गदर्शक बने रहना

**नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 19 जून को अपना 54वां जन्मदिन मनाया। इस मौके पर राहुल गांधी ने दिल्ली स्थित कांग्रेस दफ्तर में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर केक भी काटा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी के कई अन्य नेताओं ने बुधवार को पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को उनके जन्मदिन के अवसर पर बधाई दी और उन्हें कमजोरों की आवाज, संविधान के प्रति अटूट आस्था रखने वाला तथा सत्ता को सच का आईना दिखाने वाला बताया। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में राहुल को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि हमेशा मेरे दोस्त बने रहना। उन्होंने राहुल को अपना सहयोगी तर्कशील मार्गदर्शक, दार्शनिक बताया।

**राहुल का राजनीतिक सफर**

राहुल अपने पिता राजीव गांधी की अमेठी सीट से 2009 और 2014 में जीतकर दो बार सांसद चुने गए। 2019 में वह इस सीट से स्मृति इरानी से चुनाव हारे।

हालांकि, वे केरल के वायनाड से 4,31,770 रिकॉर्ड वोटों से जीते थे। 2013 में राहुल गांधी को कांग्रेस उपाध्यक्ष, 2017 में अध्यक्ष बनाया गया। लेकिन 2019 में पार्टी को देशभर से मिली करारी हार के बाद उन्होंने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। सोनिया के राज्यसभा जाने के बाद 2024 में कांग्रेस ने रायबरेली से राहुल को टिकट दिया है।

## असम में बाढ़ से बिगड़े हालात, तीन नाबालिगों समेत पांच लोगों की मौत

**करीमगंज**

असम के करीमगंज जिले के बदरपुर इलाके में भूस्खलन में तीन नाबालिगों सहित पांच लोगों की मौत हो गई। करीमगंज के पुलिस अधीक्षक, पार्थ प्रोतिम दास ने जानकारी दी कि असम में बाढ़ की स्थिति अभी भी गंभीर है। राज्य में बाढ़ की वजह से 15 जिलों के 1.61 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। बाढ़ की वजह से राज्य में अब तक 26 लोगों की मौत हो चुकी है।



**गुवाहाटी में लगातार बारिश होने की भविष्यवाणीः** बता दें कि बाढ़ की वजह से ब्रह्मपुत्र नदी का जलस्तर बढ़ गया है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, ब्रह्मपुत्र नदी की सहायक नदी कोपिली का जलस्तर नागांव जिले के कामपुर में खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को एक सप्ताह का पूवार्नुमान जारी करते हुए गुवाहाटी में लगातार बारिश होने की भविष्यवाणी की है।

## राजस्थान सरकार लाएगी मतांतरण विरोधी कानूनी

**नई दिल्ली**

राजस्थान सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वह राज्य में अवैध तरीके से मतांतरण के खिलाफ कानून लाने जा रही है। राज्य सरकार ने शीर्ष कोर्ट में दायर अपने हलफनामे में कहा -"राजस्थान राज्य अपना खुद का कानून लाने की प्रक्रिया में है और तब तक वह इस विषय पर कानून या शीर्ष अदालत द्वारा पारित दिशा-निदेर्शों का सख्ती से पालन करेगा।" तिरिक्त पुलिस अधीक्षक भरत लाल मीणा की ओर ये 2022 की एक जनहित याचिका के जवाब में यह हलफनामा दिया गया है। अश्विनी दुबे के माध्यम से शीर्ष कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की थीः वकील अश्विनी उपाध्याय ने अधिवक्ता अश्विनी दुबे के माध्यम से शीर्ष कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की थी जिसमें केंद्र और राज्य सरकारों को धोखाधड़ी से और विभिन्न तरह के लालच देकर कराए जाने वाले मतांतरण को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने और उन्हें निर्देश देने की मांग की गई थी।

## किरण चौधरी और श्रुति चौधरी ने नई दिल्ली में थामा कमल का दामन



**चंडीगढ़**

**हरियाणा की राजनीति** में बड़ा बदलाव लाते हुए कांग्रेस नेता किरण चौधरी बुधवार को अपनी पूर्व सांसद पुत्री श्रुति चौधरी के साथ दिल्ली स्थित मुख्यालय पर भाजपा में शामिल हो गई।हाल में हुए लोकसभा चुनाव में श्रुति चौधरी को भिवानी महेंद्र गढ़ सीट से टिकट न दिए जाने से किरण चौधरी क्षुब्ध थी। किरण चौधरी लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान अपने को अलग थलग महसूस कर रही थी और इस बारे में उन्होंने राहुल गांधी से शिकायत भी की थी।बहरहाल हरियाणा में अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव में सत्ता मिलने के आसार देख रही कांग्रेस को झटका लगा है। किरण चौधरी के जाने से कांग्रेस की झोली में कम से कम आधा दर्जन विधानसभा सीट गंवा सकती है। असल में हरियाणा कांग्रेस में लम्बे समय से गुटबाजी हावी है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के विरोध में बनाए गए एसआरके गुट में किरण चौधरी भी शामिल थी। किरण चौधरी और श्रुति चौधरी ने मंगलवार को कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था।किरण चौधरी एक अरसे से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सम्पर्क में थी। किरण चौधरी के भाजपा में जाने की संभावनाएं एक साल पहले से देखी जा रही थी। नई दिल्ली में बुधवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व केन्द्रीय शहरी विकास एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल की मौजूदगी में तोशाम से विधायक किरण चौधरी और उनकी बेटी पूर्व सांसद श्रुति चौधरी ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुघ, हरियाणा के लोकसभा चुनाव सहप्रभारी रहे पूर्व सांसद सुरेन्द्र नागर तथा पूर्व सांसद अनुराधा चौधरी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री नायब सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कांग्रेस छोड़कर आईं दोनों नेताओं को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई और पार्टी में शामिल होने पर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि चौधरी बंसीलाल परिवार का पूरा समय हरियाणा की राजनीति को समर्पित रहा है। किरण चौधरी व श्रुति चौधरी के आने से पार्टी को और मजबूती मिलेगी। भाजपा परिवार में उन्हें पूरा मान-सम्मान मिलेगा। हरियाणा की मजबूती और विकास के लिए मिलकर कार्य करेंगे।

# तेज रफ्तार में अनियंत्रित होकर पलटी सफारी चालक की मौत साथी घायल





**अखंड भारत संदेश**

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के खोदायपुर नेशनल हाईवे सर्विस रोड पर तेज रफ्तार अनियंत्रित होकर पलटी सफारी गाड़ी चालक की मौके पर हुई मौत साथी घायल। आपको बताते चले मंगलवार रात करीब 8 बजे खोदायपुर हाइवे सर्विस रोड पर बलीपुर की तरफ से सहसो जा रही तेज रफ्तार सफारी गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गयी। जिसमे चालक दीपक कुमार पुत्र शिव पूजन उम्र 25 वर्ष निवासी एकडला उतरांव की मौके पर ही मौत हो गयी। वही साथी सत्यम यादव पुत्र स्व0 रामखेलावन निवासी एकडला,बंटी पुत्र हजारी लाल नीवासी एकडला,रिजवान पुत्र मो0 पप्पू निवासी ढोली सैदहा, मो0 अमन पुत्र मो0 मोकिम निवासी ढोली सैदहा थाना उतरांव जो गम्भीर रूप से घायल हो गए। सभी एक साथ बलीपुर से सहसो जा रहे थे। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। लोगो ने बताया गाड़ी की रफ्तार बहुत तेज होने से अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने के बाद पलट कर नाली में जा फसी। जिसमे मौके पर ही चालक की मौत हो गयी थीं। ग्रामीणों ने किसी तरह से गाड़ी में फसे घायलों को बाहर निकाला। सूचना मिलते ही पहुचे परिजनों ने घायलों को हॉस्पिटल भेजा वही मृत दीपक का सुबह अंतिम संस्कार कर दिया गया। दीपक दो भाई दो बहनों में दूसरे नम्बर पर था।

## हीटवेव से मिली राहत, देर रात बारिश

**तापमान में 3-4 डिग्री तक कमी, 2 दिनों से सूरज की तपिश में कमी**

**प्रयागराज।** बुधवार को तापमान में गिरावट दर्ज की गई। दो दिनों में मौसम में बदला है। पहले तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार जा रहा था। अब इसमें 3-4 की गिरावट हुई है। जिले में सोमवार की शाम से मौसम बदला है। हवा चलने से उमस से राहत मिली है। बुधवार की सुबह से आसमान में बादल छाए हुए हैं।करीब 25 दिन बाद अब मौसम सुहाना हुआ है। मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि जल्द ही मानसून की एंट्री होगी। मौसम विज्ञानियों ने बताया था- 19 से 20 जून तक मौसम में बदलाव होगा।

### लगातार 46 से 47 डिग्री तक चल रहा टेम्प्रेचर

25 मई को नौतपा शुरू होने के बाद से लगातार भीषण गर्मी पड़ी। प्रयागराज देश में सबसे गर्म शहरों में गिना जाने लगा। यहां का तापमान 46 से 47त्उ तक पहुंचा। तेज धूप और लू से लोगों की जानें भी जा रही थी। पोस्टमॉर्टम हाउस हो या श्मशान घाट हर जगह लाशों की संख्या बढ़ने लगी। अब स्थिति सामान्य होने की संभावना है।

# भैंस के दर्जनों कटे हुए सर मिलने से हड़कंप

**अखंड भारत संदेश**

**माहौल खराब करने की कोशिश, दफनाए गए अवशेष**

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र में बकरीद के एक दिन बाद भारी मात्रा में पशु अवशेष मिलने का मामला सामने आया है। पशु अवशेष मिलने से लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। जिसकी एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है आनन-फानन में पहुंची पुलिस ने जेसीबी से सभी अवशेषों को दफनवा दिया। स्थानीय लोगों की माने तो जिस एरिया में पशु अवशेष मिले हैं वहां बड़े पैमाने पर हिंदू आबादी रहती है और यहा पर पशु अवशेष फैक कर माहौल खराब करने की कोशिश की गई है। पुलिस भी पूरे मामले पर पर्दा डालने में लगी है।

मंगलवार को सरायइनायत थाना क्षेत्र के मलखानपुर गांव के बाहर खेत मे भैष के दर्जनों कटे सर मिलने से हड़कंप मच गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर सरायइनायत इंस्पेक्टर पंकज राय, चौकी इंचार्ज हनुमानगंज विपिन सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुचे माहौल खराब हो इसके पहले ही जेसीबी से मिले सभी अवशेष को वही पर दफना दिया गया। पशु के भारी मात्रा में मिले अवशेष की वजह से लोगो मे तरह तरह की चर्चा है। कुछ लोगो का कहना है कि माहौल खराब करने के लिए यहाँ पर अवशेष फैके गए। खेत मे पड़े अवशेषों का एक वीडियो भी वायरल हुआ है हालांकि हमारा अखबार वायरल वीडियो की पुष्टि नही करता है। मामले की जानकारी के लिए इंस्पेक्टर से सम्पर्क किया गया पर उनका फोन नही उठा। चौकी इंचार्ज विपिन सिंह ने बताया कि दो दर्जन के करीब भैष के अवशेष मिले थे। जांच चल रहे है लगता है कि यह अवशेष हंडिया की ओर से लाकर यहा फैका गया है।

## किसान के छप्पर में लगाई गई आग

**भूसा सहित गृहस्थी का सारा सामान जलकर हुआ राख**

**कोराव।** कोराव तहसील के ग्राम अल्हवा मे सोमवार की रात अज्ञात लोगों ने छप्पर में आग लगा दिया जिससे गरीब किसान का भूसा सहित अन्य गृहस्ती का सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार हंस लाल सिंह पुत्र राजनारायण सिंह घर के बगल एसके रहे थे, तभी करीब 1 बजे रात में अचानक जोर से बॉस के कोठी से आवाजे आई और आग की लपटे निकल रही थी तुरंत किसान ने सोर मचाया सोर गुल की आवाज सुनकर घर व पास पड़ोस के सब लोग आ गए लेकिन आग इतनी विकराल रूप धारण कर लिया था की बुझाने के लिए किसी की हिम्मत नहीं पड़ी देखते ही देखते सारा भूसा सहित गृहस्थी का सारा सामान जल कर राख हो गया । और तत्काल अग्नि समन को सूचना दी गई कुछ देर बाद दमकल पहुंचा और आग को पूरी तरह से बुझा दिया गया। पीड़ित किसान ने बताया कि लगातार सात बार आग लगा चुके है लेकिन तहसील की राजस्व विभाग की टीम नही पहुच सकी। आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते ही गांव के लोगो द्वारा आग लगाई जा रही है जिसकी कई बार हमने कोराव थाने में लिखित नामजद व्यक्तियों के खिलाफ तहरीर भी दिया गया था। अगर उसी समय सबके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया जाता तो इतनी बड़ी घटना न घटती। लेकिन कोराव पुलिस ने एक भी लोगो को नहीं पकड़ पाई।

# पेट्रोल पंप में सीएनजी गैस का हुआ उद्घाटन

**अखंड भारत संदेश**



**जारी।** बुधवार को यमुनापार में जारी स्थित पेट्रोल पंप में सीएनजी गैस पंप का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन के मौके पर नगर प्रमुख गणेश केसरवानी ने फीता काटकर सीएनजी पंप का उद्घाटन किया। संचालक अशरफ अशफाक उर्फ बाबा भइया ने कहा गैस वाहन चालकों की सुविधा की बात है कि इस पंप में गैस रिफिलिंग बुधवार से सुचारू रूप से चालू हो गया है।सीएनजी गैस उपयोग करने से दोहरा फायदा है, एक तो प्रदूषण नियंत्रण और दूसरा आर्थिक बचत जो पेट्रोल की तुलना में माइलेज के हिसाब से सीएनजी काफी किफायती एवं सुविधाजनक है।

महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि प्रयागराज वासियों को बहुत-बहुत बधाई की यमुनापार में यह दूसरा सीएनजी पंप है। जिसमें अब इस पंप में पेट्रोल डीजल के साथ सीएनजी भी मिलेगा। पूरे भारत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रदूषण के मद्देनजर जो महत्वपूर्ण अवेयरनेस है उसके प्रति हम सब जागरूक हैं।क्षेत्र में बहुत सारे स्कूल वैन है,बस है,कमर्शियल ऑटो है जिसके लिए कोई गैस फिलिंग पंप नहीं था अब पंप की खुलने से उन्हें काफी राहत और सुविधा मिलेगी, साथ ही गैस वाहनों को पेट्रोल वाहनों की तुलना में करीब 50 से 60% बचत भी होगा।इस मौके पर मैनेजर इंडियन ऑयल अभिन्न श्याम गुप्ता,अडानी गैस डिप्टी मैनेजर सुमित शुक्ला,बाबा प्रताप सिंह,चंदन पाल, संदीप मिश्रा, श्याम कांत मिश्रा पूर्व अध्यक्ष भूमि विकास बैंक, कमलेश मिश्रा पूर्व जिला पंचायत, बलराम मिश्रा पूर्व प्रधान मैदा, भारत लाल पटेल भनौरी, बबलू केसरवानी ,बाबा हरवारी, कर्मचारी और सीएनजी के उपभोक्ता उपस्थित रहे।

# गैस सिलेंडर से घर मे आग लगने से गृहस्थी का समान जलकर राख



**सिरसा प्रयागराज।** मेजा थाना अंतर्गत गांव खमिनिया में गैस सिलेंडर लीक होने से आग लगने से घर का पूरा गिरस्ती जलकर हुआ राख जानकारी अनुसार खमिनिया गांव निवासी सूबेदार विश्वकर्मा के पुत्र विनोद विश्वकर्मा के यहां मंगलवार शाम लगभग 8:00 बजे घर में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर लीक होने से घर में आग पकड़ लिया जिससे देखते ही देखते आग विकराल रूप पकड़ लिया गृहस्ती का रखा सारा सामान जलकर राख हो गया ग्रामीण के मदत से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक गृहस्थी का सारा सामान जल का राख हो गया घर में एक अन्य रहने के लिए एक बिस्तर भी नहीं बचा विनोद विश्वकर्मा का कहना है कि घर में लगभग 10 लाख का सामान जलकर राख हो गया जिसमें पांच भाई एक साथ रहते थे पांचों भाइयों का सामान जलकर राख हो गया जिसमें घर का आभूषण,अनाज, अलमारी, बक्सा और कुछ नगद रुपया भी सब जलकर कर राख हो गया। ग्रामीणों का कहना है की सही समय सूचना देने पर भी फायर ब्रिगेड मौके पर नहीं पहुंची अगर मौके पर फायर ब्रिगेड पहुंचती तो कम से कम खाने रहने के लिए समान तो बच जाता। शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है की मौके पर जाकर गरीब परिवार को सरकारी सहयोग देने का काम करना चाहिए।

## वांछित फसल चोर कोटेदार होली के पूर्व से फरार

**कोरांव।** थाना कोरांव में दर्ज मुकद्दमा अपराध संख्या 46/2024 धारा 379 आइपी सी और क्राईम नंबर 25/2024 धारा 3/5 लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम का वांछित अभियुक्त लाल बहादुर निवासी ग्राम अल्हवा होली पर्व के पूर्व से वांछित को अभी तक गिरफ्तार नहीं कर सकी जबकि एक अभियुक्त उसका पुत्र पवन कुमार उक्त मुकद्दमें में गिरफ्तार हो कर जेल भेजा जा चुका है जमानत पर छूटा है। ज्ञात हो कि लाल बहादुर अभियुक्त ने अपनी जमानत हेतु सकछन न्यायालय ने अग्रिम जमानत हेतु प्रार्थना पत्र डाला था किंतु न्यायालय ने अपराध और माल बरामदगी के अपराध के आधार पर अग्रिम जमानत नहीं दिया। उसके बाद उक्त आदेश के विरुद्ध ऐंट्री सेपेटरी बैल के लिए हाई कोर्ट में रिट किया किंतु अभी तक हाई कोर्ट ने कोई राहत नहीं दिया। कोर्ट ने वादी मुकद्दमा को भी सुना किंतु कोई अभी तक आदेश नहीं हुआ। पुलिस को धता पढ़ाता चला आ रहा है। ग्राम समाज की संपत्ति की चोरी और माल बरामदगी के वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी न होना पुलिस से निडर रहना ग्राम समाज और कानून के हित में नहीं है। तुरंत गिरफ्तारी की मांग की गई है। पुलिस के अनुसार चुनाव में ड्यूटी लगी होने के कारण गिरफ्तार नहीं किया जा सका।

## करछना में कांग्रेसियों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का मनाया जन्मदिन



**करछना** देश के करोड़ों लोगों की आवाज अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कांग्रेस के लोकप्रिय नेता राहुल गांधीजी का जन्म दिन जिला कांग्रेस अध्यक्ष अरूण तिवारी की अध्यक्षता में मनाया गया जिला कांग्रेस अध्यक्ष अरूण तिवारी ने कहा कि हमारे नेता श्री राहुल गाँधी ने कन्या कुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो नफरत छोड़ो यात्रा करके इतिहास रच दिया है जो अमिट है बदलते परिवेश में नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान चलना प्रथम लक्ष्य है जन नायक राहुल गाँधी के जन्म दिन पर उतर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य डॉ दिनेश कुमार सोनी ने कहा कि आज अपने प्रिय नेता सांसद राहुल गाँधी के जन्म दिन पर समस्त कांग्रेस कार्यकताओं को शपथ लेना चाहिए कि पर्यावरण की रक्षा के लिए पहली वारिस के बाद प्रदेश के हर एक 1,62000 बूथ के नेताओं द्वारा एक एक वृक्ष का रोपण किया जायेगा इसे राजीव गाँधी वृक्षारोपण अभियान के नाम से पूरे प्रदेश में चलाया जाएगा अपने प्रिय नेता राहुल गाँधी के जन्म दिन पर अस्पतालों में फल आदि वितरित किया गया राहुल गाँधी के जन्म दिन पर बधाई देने वालों में अरूण तिवारी अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी प्रयागराज यमुनापार रंग राज सिंह उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी डा दिनेश कुमार सोनी सदस्य उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी रजनीश विश्राम दास एडवोकेट शिव विजय सिंह पूर्व जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष नागेश पाण्डेय जिला सचिव विनय कृष्ण पाण्डेय एडवोकेट जिला कांग्रेस महा सचिव नारायण द्विवेदी आशीष कुमार मिश्र बिद्याधर मिश्र प्रमोद नारायण तिवारी एडवोकेट घनश्याम मिश्रा रमेश तिवारी चन्द यादव अकबाल बहादुर कुशवाहा संजय शुक्ल रजनीश गौड़ अमरनाथ ककौशलेंद्र गौड़ बैठक का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रकाश पाण्डेय ने किया

# अब घर बैठे डाकिया के माध्यम से प्राप्त करें पीएम किसान सम्मान निधि की राशि : कृष्ण कुमार यादव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने वाराणसी में आयोजित 'किसान सम्मान सम्मेलन' में 18 जून को ज्यों ही 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' योजना की बहुप्रतीक्षित 17वीं किस्त जारी की तो किसानों और उनके परिवारजनों की बांछें खिल गईं। प्रधानमंत्री ने एक क्लिक से डीबीटी माध्यम से देशभर के 9 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसानों के बैंक खातों में सीधे 20 हजार करोड़ की धनराशि ट्रांसफर की। अब लाभार्थी किसान घर बैठे इस राशि को तुरंत प्राप्त कर सकते हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए वाराणसी एवं



प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि विभिन्न बैंकों के अपने खातों में प्राप्त डीबीटी राशि को किसान घर बैठे डाकिया और ग्रामीण डाक सेवक के माध्यम स निकाल सकते हैं। इसके लिए किसानों को किसी बैंक की शाखा या एटीएम पर जाने की जरुरत नहीं होगी। देश के किसी भी बैंक में स्थित मोबाईल और आधार लिंक्ड खाते से घर बैठे आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम के माध्यम से एक दिन में ?10 हजार तक की राशि निकाली जा सकती है। इसके लिए डाक विभाग द्वारा कोई शुल्क नहीं लगेगा।गौरतलब है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि किसानों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए फरवरी, 2019 में शुरू की गई थी। इसके तहत लाभार्थी किसानों को एक साल में 6,000 की राशि दी जाती है। लाभार्थी किसानों को ये राशि हर 4 महीने के अंतराल पर तीन किस्तों में दो-दो हजार रुपये करके उनके खातों में डीबीटी माध्यम से ट्रांसफर की जाती है।'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' के तहत अपने खातों में प्राप्त डीबीटी राशि को लाभार्थी किसान घर बैठे डाकिया और ग्रामीण डाक सेवक के माध्यम से निकाल सकते हैं। आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम के माध्यम से एक दिन में ?10 हजार तक की राशि निकाली जा सकती है। इसके लिए किसी बैंक या एटीएम पर जाने की जरुरत नहीं होगी।

**-पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव**

# बाग में आग लगाने से दर्जनों छोटे बडे वृक्ष जल कर राख हो गए

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** शरारती तत्वों ने बाग में आग लगा देने से दर्जनों वृक्ष जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाए।आग सुबह तक सुलगती रही। भुक्तभोगी ने मऊआइमा थाने में तहरीर दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छीतेमऊ निवासी मोहम्मद अली और अहमद अली की एक बाग गांव से लगभग दो मीटर दूरी पर स्थित है। बताया गया है कि उक्त बाग में आम, जामुन,शीशम बांस आदि के दर्जनों वृक्ष है ?। बताया गया है कि बीती रात कतिपय शरारती तत्वों ने बाग में आग लगा दी। जिससे आग का शोला उठने लगा ?। बाग मालिकों ने इसकी सूचना मऊआइमा पुलिस को दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने आग किसी तरह समरसेबल और टुल्लू मोटर चालू करा कर किसी तरह बुझवाया। बताया गया है कि आग बुधवार को सुबह तक सुलगती रही। फिलहाल किसी तरह आग पर काबू पाया गया। परन्तु फल लगे आम, जामुन आदि के कई पेड जल जाने से हजारों का क्षति हुई है। मोहम्मद अली और अहमद अली का आरोप है कि गांव का एक युवक एक दिन पहले घर के सामने गडढा खोद रहा था।मना करने पर उसने बडा नुकसान की धमकी दी थी। फिलहाल पुलिस तहरीर लेकर सच्चाई पता लगाने में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि जिसका नाम बताया जा रहा है वह विज्ञिप्त है।फिर भी जांच की जा रही है।

## न्यूज झरोखा

### आशुतोष त्रिपाठी और नीरज कुमार द्विवेदी गौसेवा के लिए हुए सम्मानित



**मेजा।** विश्व हिंदू महासंघ गोरक्षा के तीन दिवसीय प्रांतीय सम्मेलन में प्रयागराज के मंडल संभाग प्रभारी आशुतोष त्रिपाठी एवं मंडल प्रभारी नीरज कुमार द्विवेदी को गौ सेवा के लिए स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। यह सम्मान विश्व हिंदू महासंघ गोरक्षा प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश का प्रांतीय सम्मेलन काशी के श्रृंगेरी मठ में संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं महामंडलेश्वर नित्यानंद गिरी धमार्चार्य प्रकोष्ठ के हरिओम पाठक, संघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति , गौ रक्षा के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण दुबे, मनोज प्रजापति, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय पांडे द्वारा किया गया ' 3 दिन से प्रांतीय सम्मेलन में सत्र संचालन में नीरज कुमार द्विवेदी ने अपनी सहभागिता दी और गौमाता पर अपने विचार व्यक्त किए ' संभाग प्रभावी आशुतोष त्रिपाठी एवं नीरज द्विवेदी को गोरक्षा सर्वोच्च सम्मान जहां प्राप्त हुआ वही प्रयागराज मंडल के अंतर्गत गौ सेवा में सनी विश्वकर्मा जिला अध्यक्ष गंगापार अरविंद प्रताप सिंह जिला अध्यक्ष कौशांबी सेवालाल पटेल जिला अध्यक्ष यमुनापार ,अजय मिश्रा को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र संघ द्वारा प्रदान किया गया ' इस अवसर पर प्रयागराज मंडल के गौ रक्षा कार्यकताओं में खुशी का माहौल हैं ' सम्मानित टीम को रामप्रसाद यादव विनय मिश्रा पंकज तिवारी सोनू सिंह तथा.शंकर पांडे, आदि ने बधाई दिया है।

### एसीपी मेजा रवि कुमार ने जन सुनवाई में शिकायतकताओं की सुनी शिकायत संबंधितों को दिए निर्देश



**मेजा।** सहायक पुलिस आयुक्त मेजा रवि कुमार गुप्ता ने बुधवार को कार्यालय में आए हुए शिकायत कताओं की शिकायत को सुनकर सम्बन्धित को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश दिए। इस दौरान एसीपी ने मेजा मांडा और कोरांव थाना प्रभारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित थानों एवं चौकियों में आने वाले फरियादियों के साथ पुलिस शालीनता के व्यवहार से पेश आए और उनकी समस्याओं का नियमानुसार त्वरित समाधान करें। कहीं से भी पुलिस बर्बरता एवं भ्रष्टाचार की शिकायत नहीं आनी चाहिए अन्यथा ऐसे पुलिस कर्मियों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही की जाएगी। जन सुनवाई के दौरान विगत कुछ दिनों पूर्व उसकी गांव में मारपीट के दौरान घायल हुए ग्राम प्रधान शशीकांत के भाई की इलाज के दौरान हुई मौत मामले में को लेकर प्रधान उसकी के अलावा भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा उमेश चंद्र द्विवेदी भी मौजूद रहे।

### नवनिर्वाचित सांसद उज्जवल रमण सिंह को पुष्प गुच्छ भेंट कर दी बधाई , डॉ. आर.डी.सोनकर




**मांडा - प्रयागराज ।** इलाहाबाद संसदीय सीट से गठबन्धन कांग्रेस के नवनिर्वाचित सांसद उज्जवल रमण सिंह से डॉ०आर.डी. सोनकर ने अपने संगठन के साथियों के साथ एक औपचारिक मुलाकात किया। वहीं माननीय सांसद श्री सिंह को पुष्प भेंटकर बधाई दी । बुधवार को मुलाकात कर विकास के मुद्दे व क्षेत्र के अन्य समस्याओं पर चर्चा की। डॉ .आर .डी. सोनकर, सत्य प्रकाश सोनकर ने सांसद के कुशल नेतृत्व की सराहना की और क्षेत्र के विकास कार्य को गति देने की बात कही।

### ग्राम प्रधान द्वारा भदोही सांसद प्रतिनिधि का किया गया जोरदार स्वागत



**उतरांव।** सैदाबाद ब्लाक अनर्गत ग्रामसभा महटीकर ग्राम प्रधान राजपति के आवास पर बुधवार को भदोही सांसद डॉ 0 विनोद कुमार बिन्द के प्रतिनिधि अवधेश कुमार पटेल का किया गया जोरदार स्वागत। बताया जाता है की विधानसभा प्रतापपुर के ग्रामसभा महटीकर प्रधान राजपति पटेल के आवास पर पहुँचे सांसद प्रतिनिधि अवधेश कुमार पटेल का उपस्थित सभी लोगो ने माला पहनाकर किया जोरदार स्वागत। वही सांसद प्रतिनिधि ने आये हुए सभी लोगो का हालचाल जाना।और साथ ही साथ गांव के विकास के बारे भी चर्चा करते हुए कहा जल्द से जल्द ग्रामसभा मे इंटरलकिंग कार्य जरूर कराया जायेगा और खेल कूद, सड़क, लाइट आदि के बारे चर्चा किया गया सांसद प्रतिनिधि ने कहा आप का सेवक हूँ आप के सुख दुख का साथी हूँ आप सब के बीच खड़ा मिलूंगा।इस मौके पर प्रधान फलराज, जंगबहादुर पटेल, रामधनी, अखिलेश कुमार, शेषमनि बिन्द, दीपक कुमार, रामचंन्द्र भारतीया, दिनेश कुमार बिन्द, त्रिलोकी नाथ,हरिशंकर पटेल, जगत पटेल,राकेश कुमार पाल पूर्व मंडल अध्यक्ष, राजेश कुमार पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

### फैला कूड़े का अंबार, रहना हुआ दुश्वार बीमारी फैलने की आशंका



**जारी।** राष्ट्रीय राजमार्ग रीवा रोड विकास खंड जसरा जारी, गडैया कला व गडैया खुर्द तीन ग्राम सभा हैं। यहां पर हाइवे समेत कई जगह पर कूड़े का ढेर लगा हुआ है। एक तरफ प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है ।वहीं दूसरी तरफ जारी बस स्टेशन के पास कूड़े का ढेर लगा हुआ है। यहां सफाई व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। सरकार द्वारा लाखों रुपये का वेतन सफाई कर्मी घर बैठे उठा रहे हैं। विधानसभा व पंचायत चुनाव होने के बाद भी कोई भी सफाई कर्मी दिखाई नहीं देता है। जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है । लोगों ने बताया की सफाई न होने से बारिश का मौसम आते ही यहां इकट्ठे कूड़ा करकट से बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है। जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां कौन से सफाई कर्मी की नियुक्ति है किसी को कोई जानकारी नहीं है। सफाई करने के लिए जिम्मेदार मौन है।

# प्रयागराज मेला प्राधिकरण की 18 वीं बोर्ड बैठक संपन्न

## महाकुंभ 2025 से संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सहमति बनी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त विजय विश्व पंत की अध्यक्षता एवं सभी संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में कार्यालय स्थित गांधी सभागार में प्रयागराज मेला प्राधिकरण की 18 वीं बोर्ड बैठक संपन्न हुई जिसमें महाकुंभ 2025 से संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सहमति बनी। सर्व प्रथम आगामी महाकुंभ के लेआउट प्लान पर चर्चा करते हुए मेला अधिकारी द्वारा लगभग 4000 हेक्टेयर में बसाए जा रहे मेले को 25 सेक्टरों में कैसे विभाजित किया जाएगा इसके बारे में अवगत कराया गया। उन्होंने यह भी अवगत कराया गया कि इस बार टेंट सिटी में 1200 की जगह 2000 टेंट्स लगाए जाएंगे तथा सर्किट हाउस को तीन से बढ़ाकर पांच स्थानों पर बनाया जाएगा जिसकी कुल क्षमता लगभग 250 टेंट की होगी। पब्लिक अकॉमोडेशन भी लगभग 25000 व्यक्तियों के लिए बनाया जाएगा।बैठक में अन्य कई




महत्वपूर्ण बिंदुओं जिसमें प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा वेबसाइट एवं मोबाइल ऐप को बनाने के कार्य, जो अपने अंतिम चरण पर है, के बारे में भी बताया गया। इस संदर्भ में अवगत कराया गया की वेबसाइट की कार्यक्षमताओं पर मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए एमएनएनआइटी एवं ट्रिपल आईटी के प्रोफेसरों को शामिल करते हुए बहुआयामी समिति का गठन किया गया था एवं कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा समिति के सुझावों को वेबसाइट और मोबाइल एप्लिकेशन में सम्मिलित कर लिया है। वेबसाइट एवं मोबाइल ऐप का उद्देश्य प्रयागराज एवं कुंभ मेला के इतिहास, इसकी सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक धरोहर का प्रचार प्रसार तथा महाकुंभ मेले के दृष्टिगत समुचित जानकारी श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराना है।इसी क्रम में मेला अवधि एवं मेला अवधि के पश्चात वर्ष पर्यन्त आने वाले श्रद्धालुओं/ पर्यटकों की बेहतर अनुभूति हेतु पूजन स्थल विकसित किए जाएँगें। इसके अतिरिक्त संगम में नाव एवं मोटर बोट के द्वारा वर्ष पर्यन्त आने वाले श्रद्धालुओं के सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित स्थान के दृष्टिगत वर्ष पर्यन्त उपयोग हेतु चेंजिंग रूम, पूजा स्थल एवं फ्लोटिंग जेटी की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। महाकुंभ 2019 की तरह आगामी महाकुंभ में भी डिजिटल लॉस्ट एंड फाउंड सेंटर्स स्थापित किए जाएंगे जिनका मुख्य उद्देश्य मेला क्षेत्र में खोए हुए व्यक्तियों को उनके परिजनों से मिलाने में सहायता करना होगा। इस बार लगभग 10 डिजिटल खोया पाया केंद्रों को स्थापित किया जाएगा। साथ ही फूड एवं सिविल सप्लाई की भी आईसीटी बेस्ड मॉनीटरिंग होगी।

अलोपीबाग जंक्शन, हर्षवर्धन जंक्शन, बांगड़ धर्मशाला जंक्शन, जीटी जवाहर जंक्शन एवं धूमनगंज थाना जंक्शन के सुदृढीकरण एवं विभिन्न राजमार्गों एवं अप्रोच रोड के सौंदर्यीकरण, लैंडस्केप डेवलपमेंट तथा फ्लाईओवर के सौंदर्यीकरण एवं लैंडस्केप डेवलपमेंट में मेला प्राधिकरण द्वारा अनुश्रवण किया जाएगा।

### योग दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन भारत स्काउट एण्ड गाईड कालेज में

**प्रयागराज।** दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के अवसर पर 21 जून को मुख्य कार्यक्रम का आयोजन भारत स्काउट एण्ड गाईड कालेज, मम्फोर्डगंज, प्रयागराज में प्रातः 06 बजे से प्रातः 07:00 बजे तक होगा। योग दिवस के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित की है। उन्होंने मुख्य आयोजन स्थल पर मंच, मैटिंग, मार्ग सूचक, पार्किंग, स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई, विद्युत, सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सकीय सुविधा एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए है। डा0 शारदा प्रसाद, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि इस वर्ष योग सप्ताह की थीम योग स्वयं समाज के लिए है, जिसके अनुक्रम में दिनांकः 21 जून को जिले के प्रत्येक तहसील/ ब्लाक मुख्यालय, ग्राम पंचायत, अमृत सरोवरों एवं चिन्हित पार्कों में योग का आयोजन किया जायेगा। यह भी बताया कि जन सामान्य द्वारा भारत सरकार द्वारा जारी गाईडलाइन के अनुसार कामन योग प्रोटोकाल जिसका विडियो वेवसाईट पर उपलब्ध है के अनुसार योग करना चाहिये।

# ओवरलोड ट्रैकों के खिलाफ नैनी पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**पसार गैंग पर आधी रात को पुलिस ने की ताबड़तोड़ कार्रवाई, 12 ट्रकों का चालान कर पांच को किया सीज**

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी पुलिस की बड़ी कार्रवाई ओवरलोड गाड़ियों को मोटी रकम लेकर जिले की एक सीमा से दूसरे सीमा तक पहुंचाने का ठेका लेने वाले पासर गैंग के सदस्यों के खिलाफ आधी रात नैनी थाना प्रभारी यशपाल सिंह ने सभी चौकी इंचार्ज और थाने की फोर्स के साथ बड़ी संख्या में फोर्स के साथ नकेल कसने के लिए आधी रात को ताबड़तोड़ छापेमारी की। पुलिस ने इस दौरान 12 ट्रैकों का चालान करते हुए पांच गाड़ियों को सीज कर दिया। लेकिन इस दबिश में गैंग का एक भी सदस्य पुलिस के हाथ नहीं लगा। वहीं अचानक हुई पुलिस की इस कार्रवाई में हड़कंप मच गया। गिट्टी और बालू से लदी ओवरलोड ट्रकों को अन्य जिलों में पहुंचने के लिए सीमाओं को पास करने वाले पासर गैंग के सदस्यों के खिलाफ मंगलवार की रात कार्रवाई करने के लिए पुलिस भारी फोर्स के साथ निकल पड़ी। आधी रात सड़क पर उतरकर पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की। इस कार्रवाई से भारी वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। पासर गैंग के लोग मौके से भाग खड़े हुए। इस दौरान रवन्ना, प्रपत्र न होने पर पांच गाड़ियां सीज कर दिया गया। जबकि 12 ट्रकों का चालान कर दिया गया। माना जा रहा है कि यह गाड़ियां पासर गैंग के संरक्षण में चल रही थीं। सीज किए गए सभी वाहनों को कब्जे में लेकर थाने भेज दिया गया और आगे की कार्रवाई के लिए रिपोर्ट खनन व आरटीओ विभाग को भेज दिया गया। क्या बोले एसीपी करछना एसीपी करछना संजय कुमार सिंह ने बताया कि पांच वाहनों को सीज किया गया है। इसके अलावा 12 ट्रकों का चालान किया गया है। पासर गैंग के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

# सीडीओ की अध्यक्षता में वृक्षारोपण की तैयारियों के सम्बंध में बैठक सम्पन्न




**प्रयागराज।** मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार एवं प्रभागीय वनाधिकारी अरविंद कुमार यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को विकास भवन के सभागार में वृक्षारोपण की तैयारियों के सम्बंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने 30 जून से पूर्व लक्ष्य के सापेक्ष स्थलों का चयन, कार्ययोजना व अन्य कार्यों को पूरा करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने वृक्षारोपण के लिए सही स्थल का चुनाव करने के लिए कहा है। उन्होंने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को गड्ढ़े खुदायी का कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरा कराये जाने के लिए कहा है।मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को वृक्षारोपण के सम्बंध में सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए है।

# बीए की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## पड़ोसियों से हुई मारपीट से थी परेशान, पुलिस ने 6 लोगों पर केस दर्ज किया

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** कैंट इलाके में बुधवार शाम बीए की छात्रा ने दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पड़ोसियों से हुई मारपीट से छात्रा परेशान थी। सूचना पाकर कैंट पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की जांच कर रही है।घरवालों ने बताया, बेटी को फंदे से लटका देखकर उसे अस्पताल ले गए। अस्पताल में डॉक्टरों ने छात्रा को मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि चार दिन पहले हुई मारपीट के मामले में कार्रवाई की जाए।कैंट थाना क्षेत्र के तोपखाना की रहने वाली रीना देवी की सबसे छोटी बेटी साक्षी (20) इलाहाबाद विश्वविद्यालय में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी। मां का आरोप है कि 13 जून को वह अपनी बेटी के साथ घर के बाहर बैठी थीं। तभी पड़ोस में किराए पर रहने वाली वर्षा यादव, तनुजा सहित उनके साथियों ने हमला कर



दिया। मारपीट में साक्षी और उसकी मां को चोट लगी।घरवालों का कहना है कि उन लोगों की हरकतों से परेशान होकर साक्षी ने खुदकुशी कर ली। साक्षी की मां रीना देवी ने बेटी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने से इंकार कर दिया। एसीपी सिविल लाइन्स श्वेताभ पांडेय ने कार्रवाई का आश्वासन देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मां की तहरीर पर 4 महिलाओं और दो युवकों के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी और आत्महत्या के लिए उकसाने समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज हुआ है।

### चक भटाही में युवक कुएं में कूदा, अस्पताल में हुई मृत्यु

**नैनी।** नैनी थाना क्षेत्र के चक भटाही का रहने वाला युवक मंगलवार की देर रात नशे में कुएं में कूद गया। मौके पर पहुँची फायर ब्रिगेड व नैनी पुलिस ने युवक को कुंवे से निकाल कर अस्पताल भेजा गया जहाँ उसकी मृत्यु हो गई। मिली जानकारी के अनुसार चक भटाही का रहने वाला विनोद कुमार पटेल (48) पुत्र राम सुमेर पटेल शराब पीने का आदि था मंगलवार की देर रात नशे में होने के कारण कुंवे में कूद गया। जिसकी सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की टीम पहुँची और उसको निकालकर स्वरूप रानी अस्पताल भेजा गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# कार्यालय ग्राम पंचायत हिसामपुर विकास खण्ड मंझनपुर जनपद कौशाम्बी

**(अल्पकालिक निविदा सूचना)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हिसामपुर बिकास खण्ड मंझनपुर जनपद कौशाम्बी में 15 वा केंद्रीय वित्त पंचम राज्य वित्त आयोग,मनरेगा योजना,कायाकल्प योजना,राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण व मरम्मत,नाली निर्माण,नाली मरम्मत,खडन्जा निर्माण,हैण्डपम्प मरम्मत,हैण्डपम्प रिबोर,इण्टरलाकिंग,स्कूल निर्माण व मरम्मत,पंचायत भवन मरम्मत,आंगनबाडी केन्द्र निर्माण व मरम्मत,सोलर लाइट,सोलर पम्प स्ट्रीट लाइट इंटरलॉकिंग स्कूल बाउंड्री एमडीएम सेट कैटल शेड व अन्य कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 20/06/2024 से 26/06/2024 तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 27/06/2024 को 12 बजे दिन में उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कराये जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

| | |
|---|---|
| **श्री महन्त लाल**<br>**ग्राम प्रधान हिसामपुर**<br>**विकास खण्ड मंझनपुर**<br>**कौशाम्बी** | **कमलेश कुमार**<br>**पंचायत सचिव**<br>**ग्राम हिसामपुर विकास**<br>**खण्ड मंझनपुर कौशाम्बी** |

# झुग्गी झोपड़ी उजाड़ने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

## महाकुंभ के लिए संगम क्षेत्र में उजाड़ी जा रहीं झुग्गियां, कांग्रेसी नेता ने धरना प्रदर्शन किया

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज में महाकुंभ 2025 को लेकर तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। पूरे शहर में निर्माण कार्य, सड़के चौड़ीकरण का काम चल रहा है। ऐसे ही संगम क्षेत्र के आसपास, परेड मैदान के करीब, संगम जाने वाले रास्तों पर निर्माण कार्य और सजावट करने का सिलसिला जारी है। सुरक्षा के मद्देनजर झुग्गी झोपड़ी और सड़कों के किनारे रहने वालों को वहां से हटाया जाने लगा है। झुग्गी झोपड़ियों को उजाड़ने, वहां रहने वालों को हटाए जाने को लेकर राजनीति भी गमार्ने लगी है। झुग्गी झोपड़ी वासी और सागर पेशा वालों की लड़ाई लड़ने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनुग्रह नारायण सिंह ने इसका विरोध शुरू कर दिया है। धरना स्थल पर बुलंद की आवाज



झोपड़ियों को उजाड़े जाने के खिलाफ बुधवार को कांग्रेस नेता व पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह ने सिविल लाइंस स्थित धरना स्थल पर विरोध प्रदर्शन किया। उनके साथ काफी संख्या में झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले रहे। साथ ही सागर पेशा और अन्य एनसीओ के लोग भी प्रदर्शन में शामिल हुए। अनुग्रह नारायण ने कहा कि किसी को भी बेखर किए जाने के खिलाफ वह आवाज उठाते रहे हैं। इन लोगों को उजाड़ने से पहले कहीं बसाना होगा। विरोध प्रदर्शन करने वालों ने ज्ञापन भी सौंपा।

### स्वकर निर्धारण के लिए आखिरी मौका

**प्रयागराज।** नगर निगम प्रयागराज सदन कि विशेष बैठक में संकल्प सं0 95 दिनांक 28.02.2024 द्वारा सर्व-समिति से निर्णय लिया गया कि जनहित में स्वकर निस्तारण हेतु स्वकर प्रपत्र भरने की अंतिम तिथि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 31 जुलाई 2024 तक बढाई गयी हैं।उक्त के सम्बन्ध में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिन भवन स्वामी द्वारा अबतक स्वकर निर्धारण हेतु (स्वकर-प्रपत्र) निर्धारित प्रपत्र जमा नही किया है ऐसे भवन स्वामियों के लिए आखरी मौका है ऐसे सभी भवन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि वह अपने भवन का स्वकर निर्धारण पत्र भरकर अंतिम तिथि दिनांक 31 जुलाई 2024 तक जमा कर सकते है तथा गृहकर निर्धारण के उपरान्त अपने भवन का गृहकर जमा कर सकते है। इस हेतु समस्त जोनल अधिकारी को अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किये जाने हेतु पत्र जारी किया गया।



# युवतियों सहित 22 युवाओ ने किया रक्तदान

**झूंसी।** रक्तदान जीवनदान है। रक्तदान से दूसरे की जिंदगी बचाई जा सकती है। इसका अहसास हमें तब होता है जब अपना कोई जिंदगी और मौत से जूझ रहा होता है। यह कहना रक्तदान पखवाड़े में आए युवकों का था। विश्व रक्तदाता पखवाड़े पर अल्लापुर स्थित केके फिटनेस क्लब के दूसरी वर्षगांठ पर आयोजित रक्तदान शिविर का आयोजन अपना चैरिटेबल ब्लड एव कॉम्पोनेन्ट सेंटर अंदावा झूंसी द्वारा किया गया। जिसमें 2 युवतियों सहित 20 युवाओं ने रक्तदान किया। अपना ब्लड सेंटर के प्रबन्धक निखिल श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष 2024 में रक्तदान दिवस पर प्रयागराज जिले का तापमान 50? को छू रहा था और इधर युवक, युवतियाँ जीवन का एक नया अध्याय लिख रहे है। रक्तदाताओं में सेजल, शांता,ओमेश्वर, आकाश, करन, श्लोक, विजय, अरविंद, अंकुर, मानवेन्द्र, हर्ष, आशु, अरिहंत, शिवा, यशकांत, अभिषेक, शुभम, प्रमोद, आकाश, श्रीश, शुभम शामिल रहें।

# कार्यालय ग्राम पंचायत छिमिरछा विकास खण्ड मंझनपुर जनपद कौशाम्बी

**(अल्पकालिक निविदा सूचना)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत छिमिरछा बिकास खण्ड मंझनपुर जनपद कौशाम्बी में 15 वा केंद्रीय वित्त पंचम राज्य वित्त आयोग,मनरेगा योजना,कायाकल्प योजना,राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण व मरम्मत,नाली निर्माण,नाली मरम्मत,खडन्जा निर्माण,हैण्डपम्प मरम्मत,हैण्डपम्प रिबोर,इण्टरलाकिंग,स्कूल निर्माण व मरम्मत,पंचायत भवन मरम्मत,आंगनबाडी केन्द्र निर्माण व मरम्मत,सोलर लाइट,सोलर पम्प स्ट्रीट लाइट इंटरलॉकिंग स्कूल बाउंड्री एमडीएम सेट कैटल शेड व अन्य कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 20/06/2024 से 26/06/2024 तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 27/06/2024 को 02 बजे दिन में उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कराये जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

| | |
|---|---|
| **विमल मौर्या**<br>**ग्राम प्रधान छिमिरछा**<br>**विकास खण्ड मंझनपुर**<br>**कौशाम्बी** | **कुलदीप सिंह**<br>**पंचायत सचिव**<br>**ग्राम छिमिरछा विकास**<br>**खण्ड मंझनपुर कौशाम्बी** |

# डीएम ने की निर्माण कार्यों एवं विकास कार्यक्रमों की समीक्षा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में 50 लाख रुपए से अधिक की लागत वाले निर्माण कार्यों एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने पीडब्लूडी, सेतु निगम, यूपी सिड़को, यूपीपीसीएल यूपीआरएनएसएस, आवास-विकास परिषद, सीएण्डडीएस राजकीय निर्माण निगम, उ.प्र. जल निगम ग्रामीण सहित अन्य कार्यदायी संस्थाओं के कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं से उनसे सम्बंधित प्रोजेक्ट की प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि जो भी निर्माण कार्य चल रहे है, वे सभी कार्य गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण हो। किसी भी दशा में रिवाइज इस्टीमेट की स्थिति न होने पाये। जिलाधिकारी ने पूर्ण हुए भवनों/निर्माण कार्यों की थर्ड पार्टी से जांच अनिवार्य रूप से कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि मानक के अनुसार ही सभी कार्यों के पूर्ण होने के बाद हस्तातंरण की कार्यवाही पूर्ण हो, इसके साथ ही उन्होंने निर्माण कार्य जिस विभाग से सम्बंधित हो, उनके विभागीय अधिकारियों को भी आगामी बैठक में उपस्थित रहकर निर्माण कार्य की प्रगति से अवगत कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि जो प्रोजेक्ट पूर्ण हो चुके है और यदि उनमें कुछ कमियां रह गयी है, तो उन्हें अविलम्ब दूर कराकर उसकी हस्तांतरण की कार्यवाही सम्पादित की जाये।

जिलाधिकारी ने सेतु निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी निमार्णाधीन कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि सभी कार्य प्रत्येक दशा में निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करा लिए जाये। उन्होंने अलोपीबाग में निमार्णाधीन ओवरब्रिज के उस हिस्से को, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है, उसे शीर्ष प्राथमिकता पर पूर्ण कराये जाने के लिए कहा है। जल निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के तहत कराये जा रहे कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराने के साथ ही साथ उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि पीडब्लूडी के द्वारा निर्धारित मानक दूरी पर ही सड़कों के किनारे खुदायी का कार्य किया जाये साथ ही साथ उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि जैसी स्थिति में सड़के रही है, कार्य के बाद उसी स्थिति में पुनः बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सड़क निर्माण से सम्बंधित विभागों से उन सड़कों को चिन्हित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा है, जहां पर सड़क की खुदायी के पश्चात मानक के अनुरूप सड़क का निर्माण कार्य नहीं किया गया है। उन्होंने प्रत्येक विभाग से निर्माण कार्यों में जमीन की उपलब्धता व जमीन अधिग्रहण से सम्बंधित कार्यवाही में आ रही समस्या के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बंधित उपजिलाधिकारी से समन्वय बनाकर समस्याओं के निराकरण के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने योजनाओं की समीक्षा करते हुए सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित रहें। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को आईजीआरएस से सम्बंधित शिकायतों को अनिवार्य रूप से गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा से पूर्व ही निस्तारित किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने अधिकारियों को प्रतिदिन अपने विभाग से सम्बंधित आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा करते रहने के निर्देश दिए है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि समय सीमा के अन्तर्गत शिकायतों का निस्तारण नहीं किया गया, तो सम्बंधित अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से अण्डा उत्पादन, निराश्रित गोवंश का संरक्षण, कृत्रिम गभार्धान, निराश्रित गोवंश की सुपुर्दगी, ईयर टैगिंग की जानकारी प्राप्त करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष पशुओं का टीकाकरण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने पीडब्लूडी विभाग के अधिकारियों से नई सड़कों के निर्माण की प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए सड़कों का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने एवं सड़कों के सुदृढ़ीकरण/ मरम्तीकरण के कार्य को इसी माह पूर्ण करने के लिए कहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, कौशल विकास, प्रोजेक्ट अलंकार, प्रधानमंत्री वनसम्पदा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, आपरेशन कायाकल्प, मनरेगा, निपुण लक्ष्य, पर्यटन व अल्पसंख्यक विभाग से सम्बंधित योजनाओं के बारे में विस्तार से बिंदुवार समीक्षा करते हुए सभी सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, परियोजना निदेशक अशोक कुमार मौर्या सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कार्यालय ग्राम पंचायत एदिलपुर विकास खण्ड मंझनपुर जनपद कौशाम्बी

**(अल्पकालिक निविदा सूचना)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत एदिलपुर बिकास खण्ड मंझनपुर जनपद कौशाम्बी में 15 वा केंद्रीय वित्त पंचम राज्य वित्त आयोग,मनरेगा योजना,कायाकल्प योजना,राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण व मरम्मत,नाली निर्माण,नाली मरम्मत,खडन्जा निर्माण,हैण्डपम्प मरम्मत,हैण्डपम्प रिबोर,इण्टरलाकिंग,स्कूल निर्माण व मरम्मत,पंचायत भवन मरम्मत,आंगनबाडी केन्द्र निर्माण व मरम्मत,सोलर लाइट,सोलर पम्प स्ट्रीट लाइट इंटरलॉकिंग स्कूल बाउंड्री एमडीएम सेट कैटल शेड व अन्य कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 20/06/2024 से 26/06/2024 तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 27/06/2024 को 11 बजे दिन में उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कराये जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

| | |
|---|---|
| **रमेश कुमार मौर्या**<br>**ग्राम प्रधान एदिलपुर**<br>**विकास खण्ड मंझनपुर**<br>**कौशाम्बी** | **कुलदीप सिंह**<br>**पंचायत सचिव**<br>**ग्राम एदिलपुर विकास**<br>**खण्ड मंझनपुर कौशाम्बी** |

# पशु पालक गोवंशीय महिषवंशीय पशुओं का करायें ईयर टैंगिंग : सीवीओ

अखंड भारत संदेश

## 15 जुलाई से पशुओं को खुरपका मुहॅपका का लगाया जायेगा टीका

**कौशाम्बी।** मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. सागर ने पशु पालकों को सूचित किया है कि गोवंशीय महिषवंशीय सभी पशुओं की टैंगिंग अनिवार्य कर दी गई है। बिना टैग किये गये पशु को राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त किसी भी योजना का लाभ नही दिया जायेंगा। टैग नम्बर के माध्यम से ही टीकाकरण, कृत्रिम गभार्धान आदि का कार्य किया जायेंगा, यदि कोई पशुपालक अपने पशुओं को बेचता है, तो टैग नम्बर न होने के कारण पशु की पहचान नहीं हो सकती, ऐसी स्थिति में उसका परिवहन प्रतिबन्धित हो जायेंगा। इसके साथ ही दैवीय आपदा में पहचान के लिए यदि टैग नम्बर नहीं है, तो उसकी सहायता राशि दे पाना सम्भव नहीं होगा। वर्तमान में बारिश के पूर्व गलाघोटू बिमारी का टीकाकारण किया जाता है, जो वर्तमान समय में पूरे जनपद में किया जा रहा है, ताकि पशुओं को गलाघोटू रोग से बचाया जा सकें। पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 15 जुलाई 2024 से खुरपका/मुहॅपका रोग उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जायेंगा, जिसमें प्रत्येक पशु को खुरपका/मुहॅपका का टीका लगाया जायेंगा, समस्त टीके निशुल्क लगाये जायेंगे। यदि किसी ग्रामसभा में टीकाकरण कार्य छूट जाता है, तो निकटस्थ ब्लाक स्तरीय पशु चिकित्साधिकारी से अथवा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय से सम्पर्क कर टीकाकरण कार्य करा लें।

बकरी एवं सूकर पालन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में बकरी पालन की अपार सम्भावनाओं को देखते हुए जो भी पशुपालक बकरी पालन एवं सूकर पालन का प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते है, वह पशुपालन विभाग द्वारा उनके लिए निःशुल्क रूप से पशुपालन विभाग के प्रशिक्षण केन्द्र इटावा एवं अलीगढ़ में प्रशिक्षण की व्यवस्था है, जो भी पशुपालक सूकर पालन एवं बकरी पालन के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते है, वे मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय में सम्पर्क कर आवेदन कर सकतें हैं। आवेदन किसी भी कार्यदिवस पर जमा कर सकतें हैं। बकरी पालन सूकर पालन में नेशनल लाइव स्टाक मिशन योजनान्तर्गत प्रदेश के समस्त जनपदों में बकरी पालन एवं सूकर पालन की योजना के माध्यम से पशुपालन में उद्यमिता को बढाने के लिये प्रदेश में बकरी पालन/सूकर पालन की योजना चलाई जा रही है, जो 20 लाख रुपए से शुरू होकर 01 करोड़ रुपए तक की योजना है, जिसमें 50 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान है, इसके लिए एन0एल0एम0 की वेवसाइट अथवा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय के माध्यम से आवेदन किया जा सकता हैं। लेयर फार्मिंग योजना में कुक्कुट विकास नीति-2022 के अन्तर्गत प्रत्येक जनपद में अण्डा उत्पादन बढ़ाने के लिए 10000 लेयर से 30000 लेयर बर्ड के कुक्कुट फार्म स्थापित करने की योजना है, जिसके अन्तर्गत 10000 लेयर बर्ड की यूनिट जिसकी लागत 99.53 लाख रुपए एवं 30000 लेयर बर्ड की यूनिट जिसकी लागत 256.69 लाख रुपए है। इस योजना के अन्तर्गत किये गये ऋण का 07 प्रतिशत ब्याज की प्रतिपूर्ति विभाग द्वारा की जाती है, फार्म के लिए क्रय अथवा लीज पर ली गयी भूमि स्टाम्प ड्यूटी की है, उक्त कार्य को करने वाले इच्छुक व्यक्ति मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर योजना का लाभ ले सकते हैं। मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अन्तर्गत जनपद में संचालित निराश्रित गौ-आश्रय स्थल में से कोई भी व्यक्ति अपने विकास खण्ड के अन्तर्गत आने वाले किसी भी गौ आश्रय स्थल से अधिकतम 04 गौवंश प्राप्त कर सकता है, जिसके लिए भरण पोषण हेतु 50 रुपए प्रति गौवंश के आधार पर प्रति माह 1500 रुपए प्रदान किया जाता है। इच्छुक पशुपालक पशुपालन विभाग से सम्बन्धित किसी भी संस्था या खण्ड विकास अधिकारी से सम्पर्क कर योजना का लाभ उठा सकता है।

## घर के भीतर बकरी चले जाने के बाद बकरी मालकिन को पीटा

**महगांव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के उजिहनी गांव में पड़ोसी के घर में बकरी चले जाने के बाद पड़ोसियों ने इस बात का विरोध किया है जिसके बाद दोनों परिवार के बीच बातचीत नोक झोंक और वाद विवाद होने लगा जिसके घर में बकरी गई थी उसका कहना था कि तुम्हारी बकरी हमारे घर में नुकसान करती है इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और देखते-देखते बकरी की मालकिन को पीट दिया गया है मामले की शिकायत थाना पुलिस से की गई है मंगलवार की दोपहर तीन बजे बिमला की बकरी पड़ोस के रहने वाले ज्ञानचंद्र के घर मे घुस गई बकरी घर के अंदर नुकसान कर रही थी उसने बकरी को डंडा से मार दिया बकरी को डंडा मारने के बाद बकरी मालकिन आग बबूला हो गयी और पड़ोसी के घर पहुंच कर वाद विवाद करने लगी देखते-देखते दोनों पक्ष के बीच नोकझोंक होने लगी मामला बढ़ गया जिस पर बकरी मालकिन को पीट दिया गया है पीटे जाने के बाद बकरी मालकिन तरह-तरह की कहानी बताकर पुलिस को तहरीर दे रही है।

## न्यूज झरोखा

### अज्ञात युवती का मिला शव, पुलिस शिनाख्त में जुटी



**अझुवा कौशांबी** दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर सैनी कोतवाली घुमाई रेलवे फाटक से पश्चिम ओर आज बुधवार देर रात्रि एक अज्ञात युवती उम्र करीब 21 वर्ष का शव मिला है युवती स्कूली ड्रेस जैसा वस्त्र पहने है सिर के पीछे ट्रेन की टक्कर से गंभीर जख्म का निशान है ,खबर लिखे जाने तक युवती की शिनाख्त नही हो सकी , अझुवा चौकी पुलिस शिनाख्त करवाने में जुटी है

### सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा ने किया पैदल गस्त

#### सीओ सिराथू ने बड़ी दुकानों व मस्जिद में सीसीटीवी कैमरा लगाने को एक हफ्ता का दिया समय



**कोखराज कौशाम्बी** कोखराज क्षेत्र के चाकवन चौराहे में सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा वा एसओ कोखराज ने पुलिस फोर्स के साथ पैदल गस्त कर कानून व्यवस्था की जानकारी ली और इस दौरान उन्होंने अपराधियों पर कड़ी नजर रक्खी लोगों को हिदायत दी सड़कों परवाह न खड़ा करने की चेतावनी दी गई है अगस्त के दौरान क्षेत्राधिकारियों ने दुकानदारों से बात किया और उन्हें सुरक्षा का एहसास कराया तथा साथ ही साथ कहा कि दुकानदार अपने दुकान के पास सीसीटीवी कैमरा लगाए जिससे कभी घटनाएं होने पर उनका रिकॉर्ड आसानी से खोजा जा सके और अपराधियों तक पहुंचने में मदद मिले सभी बड़े दुकानदारों को सीसीटीवी कैमरा लगाने की सलाह दी गयी उन्होंने कहा कि जिससे सुरक्षित करोबार हो वही मस्जिद के जिम्मेदार लोंगो को बुलाकर मस्जिद के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगाने को कहा जिस पर सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए एक हफ्ते का समय दिया

### भरवारी रेलवे क्रासिंग का गेट टूटने से लगा घंटो जाम




**भरवारी कौशाम्बी** नगर पालिका परिषद भरवारी के रेलवे क्रासिंग का गेट बुधवार को टूट गया रेलबे का गेट टूट जाने से आवागमन बाधित हो गया और गेट के दोनों तरफ घण्टो जाम लग गया जिससे लोग बेचैन हो उठे किसी बाइक वालो ने जल्दी निकलने के चक्कर में गेट में टक्कर मार दी जिसके चलते रेलवे फाटक टूट गया इस बीच टूटे गेट पर सैकड़ो की संख्या में लोग फसे रहे और इस बीच क्रासिंग पर फसे यात्री इस प्रचण्ड गर्मी में बिलबिला उठे तभी लोगो ने कहना शुरू कर दिया की जल्दी से जल्दी ओवर ब्रिज बनवा कर इस जाम की समस्या से निजात दिलवाया जाए क्योंकि अब बहुत हो गया अब सहन से बाहर हो गया रेलवे फाटक पर लगने वाले बार-बार जाम से लोगो में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है

### हरे वृक्षों में वन माफिया हाबी बिभाग बना मुंक दर्शक



**कौशांबी**ः कोखराज थाना क्षेत्र के चाकवन चौराहे पर शराब ठेका के बगल में प्रतिबंधित बड़हर के पेड़ों को लकड़ी माफियाओं द्वारा काट काट कर बेचा जा रहा है। लेकिन पुलिस और वन विभाग की लापरवाही से माफियाओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। हाईवे मार्ग से लगा हुआ चाकवान चौराहे के पास शराब ठेके के बगल में लकड़ी माफियाओं द्वारा प्रतिबंधित नीम महुआ के वृक्षों को काट काट कर बेचा जा रहा है। लोगों का आरोप है कि वन विभाग और पुलिस की मिली भगत से लकड़हारा दिन रात बड़हर के पेड़ों में कुल्हाड़ी चलाकर अपनी जेब भर रहे हैं। स्थानीय लोगों की शिकायत पर भी पुलिस की उदासीनता से लकड़ी माफियाओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। बताया जाता है कि चर्चित लकड़ी माफिया थाना कोखराज क्षेत्र के चाकवन चौराहा के पास देशी शराब के ठेके के पीछे बड़हर का पेड़ काट रहा है

### सब पोस्टमास्टर शशिकांत मिश्रा का स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह का आयोजन



**कौशांबी** नगर पंचायत सराय अकिल कस्बे में पोस्ट ऑफिस में कार्यरत सब पोस्टमास्टर शशिकांत मिश्रा का स्थानांतरण अन्य स्थान पर होने के बाद उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया जहां उनके कार्यों की सराहना की गई और उन्हें फूल माला पहनकर का ससम्मान विदा किया गया सभी कर्मचारियों ने नम आंखों से माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर उन्हें विदा किया शशिकांत मिश्रा ने सभी लोगों को धन्यवाद दिया शशिकांत मिश्रा जो 2 सालों से सराय अकिल पोस्ट ऑफिस में सब पोस्टमास्टर की जगह कार्यरत थे जो सराय अकिल से ट्रांसफर होकर मनौरी सब पोस्ट ऑफिस स्थानांतरित हुए है बुधवार को पोस्ट ऑफिस के सभी कर्मचारी व कस्बा के सम्मानित लोगों ने नम आंखों से उन्हें विदाई किया तथा सतना से ट्रांसफर होकर आए इमरान खान जो सब पोस्टमास्टर की जगह कार्यभार संभाला है कर्मचारियों समेत नगर के लोगों ने उनका भी स्वागत किया शशिकांत के अच्छे व्यवहार से कस्बा के लोग खुश थे इस मौके पर चंद्रभान सिंह फूलचंद तिवारी सुनील कुमार अशोक कुमार द्विवेदी लाल जी मुरलीधर तिवारी उमाशंकर मिश्रा प्रमोद कुमार शुक्ला विनोद शुक्ला मुलचंद तिवारी धर्मपाल नंदलाल कृष्ण चंद तिवारी श्री नारायण स्वर्णकार पूर्व नगर अध्यक्ष रविंद्र कुमार जायसवाल अजय कुमार अग्रहरी आदि लोग उपस्थित रहे

### शिव महापुराण के साथ कौशांबेश्वर संकट मोचन ट्रस्ट में भंडारा हुआ सम्पन्न



**कौशाम्बी** कौशांबेश्वर संकट मोचन आश्रम ट्रस्ट में साप्ताहिक चल रही शिव महापुराण की कथा के समापन के बाद बुधवार को विशाल भंडारा आयोजित हुआ जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने महा प्रसाद भंडारा में ग्रहण किया आप को बतादें कि कौशाम्बी खास स्थित कौशांबेश्वर संकट मोचन आश्रम ट्रस्ट में लगभग 16 वर्षों से लगातार 12 जून से 19 जून तक कथा और अंतिम दिवस भंडारे का आयोजन होता चला आ रहा है उसी क्रम में इस वर्ष शिव महापुराण की कथा और भंडारे का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर कौशांबेश्वर संकट मोचन आश्रम ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष बाबा बुद्धन दास महाराज उपाध्यक्ष एवं संरक्षक राजू केशरवानी, अंकित केशरवानी,अंकुल केशरवानी, व्यास ओम ओझा महराज,खत्री महराज नल, नील,शिवा कांत मिश्र(रज्जन),मानस मिश्रा,कौशिक अग्रहरि,रोहित मिश्रा,ट्रस्ट से जुड़े सभी भक्तों के साथ साथ सनातन प्रेमी मौजूद रहे।

## संदिग्ध दशा में पेड़ से बंधा मिला दलित का शव



**कौशाम्बी।** मोहब्बतपुर पइंसा थाना क्षेत्र के उदहीन बुजुर्ग में गांव के बाहर एक पेड़ से दलित का शव बंधा हुआ देखा गया है मृतक के दोनों पैर जमीन पर टिके हुए थे दलित की मौत कैसे हुई है इसका खुलासा नहीं हो सका है जानकारी मिलने के बाद मौके पर तमाम ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई है पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक की पहचान गनेशी लाल उम्र 20 वर्ष पुत्र शुकरु उर्फ रामदेव रविदास उद्दीन बुजुर्ग के रूप में हुई है।

## वन्यजीव को मार कर ग्रामीणों ने पेड़ की डाल में लटका दिया



**कोखराज कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र मे वन्यजीव को मार कर ग्रामीणों ने पेड़ की डाल में लटका दिया है ग्रामीणों के इस दुःसाहस की क्षेत्र में पूरे दिन चर्चा होती रही वन्य जीव को मार कर पेड़ में टांगने के इस मामले में वन विभाग के अधिकारी मूकदर्शक बने रहे वन्य जीव को पेड़ से टांगने के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के नौढिया व मलाक भायल गांव में दो जंगली जानवर को अराजक तत्वों ने बड़ी बेरहमी से मार डाला है जंगली जानवर को मारने के बाद दहशत बनाने के लिए उन्हें पेड़ से टांग दिया गया है जिससे क्षेत्र के कमजोर दिल के लोग और छोटे-छोटे बच्चे भयभीत हैं लेकिन वनविभाग की टीम ने घटना की सुध तक नहीं लिया लोगों के अनुसार अभी दो वन्य जीव अभी भी जिंदा हैं जो इसी क्षेत्र में घूम रहे है कल शाम को तमाम लोगों ने घेर कर रखा था लेकिन आज सुबह इन विलुप्त जीव को कुछ लोगों ने मार कर लटका दिया हैं आखिर इन जीवों को कौन बचायेगा

## ग्राहक सेवा केंद्र में पीछा का दरवाजा तोड़कर नकदी सहित लैपटॉप उठा ले गए चोर

**अझुवा कौशांबी** सैनी में संचालित ग्राहक सेवा केंद्र का दरवाजा तोड़कर मंगलवार की रात चोरों ने नकदी समेत लैपटॉप पार कर दिया। घटना की जानकारी केंद्र संचालक को सुबह हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका-मुआयना करते हुए पीड़ित से तहरीर लेकर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ख्वाजकीमई निवासी अनिल कुमार मौर्य पुत्र कन्हैया लाल सैनी कस्बे में ग्राहक सेवा व सहज जनसेवा केंद्र चलाता है। मंगलवार की रात वह दुकान बंद कर घर चला गया। आधी रात पीछे का दरवाजा तोड़कर दुकान के अंदर घुसे चोरों ने 20 हजार रुपये नकदी के साथ लैपटॉप उठा ले गए। घटना की जानकारी केंद्र संचालक को बुधवार की सुबह हुई। जब वह दुकान पहुंचा तो पीछे का टूटा दरवाजा देख सन्न रह गया। ग्राहक सेवा केंद्र में चोरी की जानकारी होते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका-मुआयना करते हुए पीड़ित से तहरीर लेकर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस की गश्त नहीं होने से आए दिन बेखौफ चोर मकान-दुकान खंगाल रहे हैं।

## अनियंत्रित चार पाहिया ने मारी बाइक को टक्कर, माँ बेटा घायल

**बाइक को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित कार चालक के वाहन समेत नाले में गिरने से चालक घायल**

**कोखराज कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र में गैस एजेंसी से गैस सिलेंडर भरवा कर वापस घर जा रहे बाइक सवार मां बेटे को अनियंत्रित चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया है जिससे मां बेटा दोनों सड़क पर गिर पड़े हैं और घायल हो गए हैं हादसा देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे पुलिस और एंबुलेंस को जानकारी दी गई है एंबुलेंस के जरिए घायल मां बेटा को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है घटना कोखराज थाना क्षेत्र की है जानकारी के मुताबिक कोखराज गांव निवासी निशा देवी उम्र 42 वर्ष पत्नी कमलेश कुमार अपने बेटे संदीप कुमार उम्र 20 वर्ष के साथ बाइक से गैस सिलेंडर रिफिल कराने एजेंसी गई थी गैस सिलेंडर रिफिल करने के बाद मां बेटा बाइक से वापस अपने घर जा रहे थे जैसे ही कोखराज चौराहे के पास पहुँचे कानपुर की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार चार पहिया कार ने बाइक सवार मां बेटे को जोर दार टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार मां बेटे बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए हादसा देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई मौके पर पहुंची एंबुलेंस के जरिए घायल मां बेटा को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है महिला को गम्भीर चोटे आयी हैं टक्कर मारते हुए चार पहिया




वाहन नाले में जा गिरा नाले में गिरने से चार पहिया सवार को भी मामूली चोटें आई है पुलिस ने वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है।

## कांग्रेसियों ने धूमधाम से मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**कौशाम्बी।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन कौशांबी में बड़ी धूमधाम से मनाया गया है कांग्रेस नेताओं ने मिठाई बाट कर और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया है और उनके लंबी उम्र की कामना की है इस अवसर पर कांग्रेसियों ने केक काटकर राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी का बुधवार को जन्मदिन है इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी कौशांबी के कार्यकताओं ने जिला अध्यक्ष गौरव पांडे के नेतृत्व में केक काटकर राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया और एक दूसरे को लड्डू खिलाकर मुँह मीठा कराया । इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव पांडे ने कहा कि राहुल गांधी आज के दौर के सबसे सच्चे नेता है जो कभी झूठ नहीं बोलते और उनकी कही हुई बात हमेशा सत्य साबित होती है , इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार मिश्रा पप्पू ने कहा कि राहुल गांधी इस दौर के सबसे मजबूत नेता है वह सच



की लड़ाई लड़ते हैं और इस लोकसभा चुनाव में उनकी लोकप्रियता बहुत तेजी से बढ़ी है लोग उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष तलत अजीम ने कहा राहुल गांधी आने वाली पीढ़ी और आज की पीढ़ी के नेता हैं वह पढ़े-लिखे और योग्य नेता है और उनकी योग्यता को लोगों ने सराहा है और उनकी लोकप्रियता बहुत तेजी से बढ़ी है ,इस मौके पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गौरव पांडे पूर्व जिलाध्यक्ष तलत अजीम , दिल्ली कांग्रेस के प्रभारी हंजला उस्मानी जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार मिश्रा पप्पू ,मीडिया कोऑर्डिनेटर कौशलेश द्विवेदी, महासचिव बरसाती लाल पांडा, शशि प्रताप त्रिपाठी नरेंद्र सिंह परिहार , राजकुमार यादव, युगल किशोर त्रिपाठी,डॉ राजेंद्र मिश्रा सचिन शुक्ला उदय यादव भीम पाल सीताराम गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## गरीब की झोपड़ी उजाड़ दबंगों ने शुरू किया निर्माण

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील व मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के नगर पालिका परिषद मंझनपुर के भेलखा में संगीता देवी पत्नी राहुल के पूर्वज जिस जमीन में 50 साल से रहते थे उनका पूरी तरह से कब्जा था अपने घर के सामने की जमीन में संगीता अपनी खाली पड़े जमीन में झोपड़ी और छप्पर डालकर पशु बांधते थे और वहीं खुले स्थान पर अधिकतर समय उसका रहना था लेकिन गांव के दबंग संपत और उनके बेटों ने संगीता देवी के कब्जे की जमीन पर उनकी झोपड़ी और छप्पर को जबरिया उखाड़ दिया है विरोध करने पर मारपीट गाली गलौज किया है घर के कई लोगों को चोटें आई हैं मामले की सूचना देने के बाद भी मुकदमा नहीं दर्ज हुआ है खुलेआम दबंग जबरिया गरीब परिवार की जमीन कब्जा कर रहे हैं इसे खुलेआम गुंडई कहते हैं लेकिन खुले आम गुंडई करने वालों पर रोक नहीं लगाई गई है दिन तो दिन रात में भी दबंग निर्माण कर रहे हैं उनके पास कोई अभिलेख नहीं है मामले की शिकायत 112 डायल पुलिस में भी की गई लेकिन मौके पर पहुंची डायल पुलिस का कहना है कि दोबारा 112 पुलिस पर यदि फोन किया तो तुम्हें पीट-पीट कर बंद कर देंगे 112 पुलिस भी दबंग के हाथ बिक चुकी है इसके पहले भी गुलामी पुर में 112 पुलिस की करतूत उजागर हो चुकी है गरीब महिला के जमीन पर गुंडई से कब्जा करने के मामले को धीरे-धीरे 10 दिन बीत चुके हैं थाना तहसील से लेकर पुलिस महानिदेशक तक शिकायत भेजी जा चुकी है लेकिन दबंगों का हौसला बुलंद हैं लेखपाल और थाना के सिपाही उन्हें बल देकर के उनका निर्माण करवा रहे हैं

**मुख्यालय में जहां बड़े अफसरो का डेरा वहां पर इस तरह से खुले आम गुंडई**



जिससे पीड़ित महिला संगीता देवी परेशान है बुधवार को महिला के परिवार के लोग जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचे हैं और उनकी अनुपस्थिति में उनके स्टोनों को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है अब सवाल उठता है कि जनपद मुख्यालय में जहां बड़े अफसर का डेरा है वहां पर इस तरह से खुले आम गुंडई कर दूसरे की जमीन कब्जा किया जाता रहेगा और जांच के नाम पर मामले में लीपा पोती होती रहेगी तो कानून का राज कहां से स्थापित होगा शिकायतकर्ता न्याय को भटक रहा है लेकिन उसे न्याय नहीं मिल रहा है

## नगर पालिका के ठेकेदार की तानाशाही से प्यासे भटक रहे नगर वासी...

**ठेकेदार की तानाशाही से नगर पालिका मंझनपुर क्षेत्र में जगह-जगह पर हैंडपंप खराब पानी के लिए भटक रहे मोहल्ले वासी, ठेके के बाद ठेका गजब की है नगर पालिका मंझनपुर की हैंडपंप मरम्मत की व्यवस्था**

**कौशाम्बी** भीषण गर्मी में नगर पालिका मंझनपुर में चारों ओर पानी के लिए हाहाकार मचा है लेकिन हैंडपंप मरम्मत के लिए लगाए गए ठेकेदार मनमानी पर उतारू है हैंडपंप की मरम्मत करने वाला ठेकेदार खुद हैंडपंप की मरम्मत नहीं करता है नियम विद्युत तरीके से उसे हैंडपंप मरम्मत का टेंडर दे दिया गया है गलत तरीके से टेंडर दिए जाने की जांच कर टेंडर निरस्त कर नए लोगों को टेंडर दिए जाने की मांग नगर के लोगों ने किया है नगर पालिका के हैंड पंप मरम्मत के ठेकेदार ने ठेका के बाद मजदूरों को हैंडपंप मरम्मत का ठेका दे दिया है और मजदूर भी मनमानी तरीके से हैंडपंप की मरम्मत करते हैं ठेका के बाद दूसरे को ठेका दिए जाने से हैंडपंप मरम्मत में खर्च बढ़ जाता है दोनों ठेकेदार अधिक कमाई के चक्कर में हैंडपंप के अच्छे सामान को भी खराब घोषित करके कमीशन चाहते हैं जिससे बार-बार हैंडपंप खराब होते हैं और सरकार का राजस्व का नुकसान होता है हैंडपंप मरम्मत के समय सरकारी हैंड पंप के आसपास के लोगों से रकम की वसूली की जाती है आसपास के लोग जब सरकारी हैंडपंप मरम्मत के लिए रकम देने को तैयार नहीं होते हैं तो हैंड पंप की मरम्मत नहीं की जाती है जिससे हैंडपंप ठीक नहीं होता है और लोग प्यासे भटकते रहते हैं आखिर जिसे नगर पालिका मंझनपुर में हैंड पंप मरम्मत का ठेका दिया गया है यदि वह स्वयं काम नहीं कर रहा है तो उसका ठेका निरस्त करके नए ठेकेदार को नगर पालिका में हैंडपंप मरम्मत की जिम्मेदारी क्यों नहीं दी जा रही है ठेकेदार की तानाशाही से नगर पालिका मंझनपुर क्षेत्र में जगह-जगह पर हैंडपंप खराब है और लोग पानी के लिए भटक रहे हैं बताया जाता है कि मरम्मत के नाम पर नगर पालिका में ठेकेदार की साठगांठ से बड़ा खेल हो रहा है पंजाब नेशनल बैंक के पास लगा हैंड पंप एक महीने से पानी ठीक से नहीं दे रहा है बार-बार पानी नीचे उतर जाता है आधा घंटे चलने के बाद भी लोगों को एक लोटा पानी नहीं मिल पाता है मामले की शिकायत अधिशासी अधिकारी और जे ई नगर पालिका से लोगों ने की जे ई ने ठेकेदार को मरम्मत की जिम्मेदारी सौप दी लेकिन ठेकेदार कई दिन बाद भी मौके पर नहीं पहुंचा चार दिन बाद बुधवार को ठेकेदार के मजदूर मौके पर पहुंचे हैं और उन्होंने मोहल्ले के लोगों से हैंडपंप मरम्मत के नाम पर रकम की डिमांड शुरू कर दी जब रकम देने का विरोध किया गया तो हैंडपंप खोलने के बाद भी उसको बिना बनाएं बंद करके ठेकेदार के मजदूर वापस चले गए हैं हैंड पंप का और सामान मजदूर उठा ले गए हैं अब इस हैंड पंप से एक बूंद पानी नहीं निकल सकता अब सवाल उठता है कि इस भीषण गर्मी में मोहल्ले के लोगों को पानी कैसे मिलेगा जनपद मुख्यालय में जिलाधिकारी की मौजूदगी के बाद जब नगर पालिका के ठेकेदारों की तानाशाही का यह आलम है तो जिले के अन्य क्षेत्रों के ठेकेदारों का क्या आलम होगा जिला अधिकारी को मामले को गंभीरता से लेकर ठेकेदार पर कठोर कार्यवाही किए जाने की जरूरत है

## घर के भीतर बकरी चले जाने के बाद बकरी मालकिन को पीटा

**महगांव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के उजिहनी गांव में पड़ोसी के घर में बकरी चले जाने के बाद पड़ोसियों ने इस बात का विरोध किया है जिसके बाद दोनों परिवार के बीच बातचीत नोक झोंक और वाद विवाद होने लगा जिसके घर में बकरी गई थी उसका कहना था कि तुम्हारी बकरी हमारे घर में नुकसान करती है इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और देखते-देखते बकरी की मालकिन को पीट दिया गया है मामले की शिकायत थाना पुलिस से की गई है मंगलवार की दोपहर तीन बजे बिमला की बकरी पड़ोस के रहने वाले ज्ञानचंद्र के घर मे घुस गई बकरी घर के अंदर नुकसान कर रही थी उसने बकरी को डंडा से मार दिया बकरी को डंडा मारने के बाद बकरी मालकिन आग बबूला हो गयी और पड़ोसी के घर पहुंच कर वाद विवाद करने लगी देखते-देखते दोनों पक्ष के बीच नोकझोंक होने लगी मामला बढ़ गया जिस पर बकरी मालकिन को पीट दिया गया है पीटे जाने के बाद बकरी मालकिन तरह-तरह की कहानी बताकर पुलिस को तहरीर दे रही है

## जेल से छूटे साले ने जीजा को पीटकर किया लहुलुहान

**महगांव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के गौसपुर गांव के मंजे को पुलिस ने आपराधिक घटनाओं में जेल भेज दिया था जेल से मजे छूट कर बाहर आया तो उसका चचेरा बहनोई विजय निवासी मलाक मोईनूउद्दीनपुर अपने साल से मिलने अपनी ससुराल पहुंच गया जहां जीजा साले में विवाद हो गया और जेल से छूट कर आए साले ने जीजा को बेरहमी से पीट दिया है जिससे जीजा को चोट आई है कहावत है कि अपराधी किसी का खास नहीं हो सकता आरोप है कि जेल से छूटे मंजे ने विजय का गला पकड़कर पटक दिया और लाठी डंडों से मारने पीटने लगा जिससे विजय के सर ने चोट आई है मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है जीजा साले के बीच विवाद के पीछे अंदरूनी क्या मामला है यह जांच का विषय है

अखंड भारत संदेश
प्रयागराज, गुरूवार
20.06.2024



संपादक की कलम से

# संगीत है शांति, सुकून एवं आनन्द का सशक्त माध्यम

संगीत मानव जगत को ईश्वर का एक अनुपम दैवीय वरदान है। यह न सरहदों में कैद होता है और न भाषा में बंधता है। माना हर देश की भाषा, पहनावा और खानपान भले ही अलग हों, लेकिन हर देश के संगीत में सभी सात सुर एक जैसे होते हैं और लय-ताल भी एक-सी होती है। संगीत हर इंसान के न सिर्फ शारीरिक, बल्कि भावात्मक एवं मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। विशेषज्ञों की मानें, संगीत सुनने से मानसिक शांति का अहसास होता है, संगीत दुनिया में हर मर्ज की दवा मानी जाती है। यह दुखी से दुखी इंसान को भी खुश कर देती है, संगीत का जादू एक मरते हुए इंसान को भी खुशी के लम्हे दे जाता है। रोज की भागदौड़ और व्यस्तता के बीच संगीत आपको सुकून के पल बिताने का मौका देता है। साथ ही संगीत आपके अकेलेपन का एक बढ़िया साथी भी बन सकता है। संगीत की इसी खासियत को सभी तक पहुंचाने के लिये 21 जून को पूरे विश्व में संगीत दिवस मनाया जाता है। संगीत अशांति के अंधेरों में शांति का उजाला है। यह अंतर्मन की संवेदनाओं में स्वरों का ओज है। हर साल विश्व संगीत दिवस एक खास थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष 2024 की थीम है एक वैश्विक ध्वनि वाली दुनिया का सामना करना।

संगीत दिवस को फेटे डी ला म्यूज़िक के नाम से भी जाना जाता है। इसका अर्थ है संगीत उत्सव। विश्व में सदा ही शांति बरकरार रखने के लिए ही फ्रांस में पहली बार 21 जून 1982 में प्रथम विश्व संगीत दिवस मनाया गया था, जिसका श्रेय तात्कालिक सांस्कृतिक मंत्री श्री जैक लो को जाता है। इससे पूर्व अमेरिका के एक संगीतकार योयल कोहेन ने वर्ष 1976 में इस दिवस को मनाने की बात की थी। विश्व संगीत दिवस कुल 17 देशों में ही मनाया जाता है इसमें भारत, आस्ट्रेलिया, बेल्जियम, ब्रिटेन, लक्समबर्ग, जर्मनी, स्विट्ज़रलैंड, कोस्टारीका, इज़राइल, चीन, लेबनान, मलेशिया, मोरक्को, पाकिस्तान, फिलीपींस, रोमानिया और कोलम्बिया शामिल हैं। भारत में संगीत जीवन का अभिन्न हिस्सा है, शादी में ढोलक-शहनाई, भजन-मंडली में ढोल-मंजीरा, शास्त्रीय संगीत में तानपूरा, तबला, सरोद, सारंगी का हम सब भरपूर आनंद उठाते हैं। बचपन में संपेरों द्वारा बीन बजाते ही लहराते हुए सांप का खेल भी हमने खूब देखा है। ये संगीत का जादुई प्रभाव ही है कि नवजात शिशु भी झुनझुने की आवाज सुन किलकारी भरने लगता है। श्रीकृष्ण की बांसुरी की मीठी ध्वनि को सुन गोपियों का आकर्षित हो खिंचे चले आना-ये सारे किस्से संगीत की ही महिमा का बखान करते हैं।

विश्व संगीत दिवस को मनाने का उद्देश्य अलग-अलग तरीके से लोगों को संगीत के प्रति जागरूक करना है ताकि लोगों का विश्वास संगीत से न उठे। लांगफेलो के अनुसार संगीत मानव की विश्वव्यापी भाषा है। विशेषज्ञों के मुताबिक, मानसिक शांति के लिए संगीत को अहम माना गया है। संगीत दिल को खुशी देने का काम करता है। संगीत सिर्फ सात सुरों में बंधा नहीं होता। इसे बांधने के लिए विश्व की सीमाएं भी कम पड़ जाती हैं। अगर इसे महसूस करें तो दैनिक जीवन में संगीत ही संगीत भरा है- कोयल की कूक, पानी की कलकल, हवा की सरसराहट हर जगह संगीत ही तो है, बस जरूरत है तो इसे महसूस करने की। किसी के लिए संगीत का मतलब अपने दिल को शांति देना है तो कोई अपनी खुशी का संगीत के द्वारा इजहार करता है। प्रेमियों के लिए तो संगीत किसी रामबाण या ब्रह्मास्त्र से कम नहीं। संगीत में मूड ठीक करने की अद्भुत ताकत होती है। अच्छा संगीत बेचैनी कम करता है। शोध कहते हैं कि घंटों काम कर रहे व्यक्ति का कुछ देर अच्छा संगीत सुनना उनकी रचनात्मकता व कार्यक्षमता को बढ़ा सकता है।

भारत में संगीत का हजारों वर्षों का इतिहास है, शास्त्रीय संगीत आदि काल से है। संगीत के आदि स्रोत भगवान शंकर हैं। उनके डमरू से तथा श्रीकृष्ण की बांसुरी से संगीत के सुर निकले हैं। किंवदन्ति है कि संगीत की रचना ब्रह्माजी ने की थी। ब्रह्माजी ने ज्ञान की देवी सरस्वती को संगीत की सीख दी। मां सरस्वती के कर-कमलों में वीणा की उपस्थिति संगीत की महानता की कहानी स्वयं ही कह जाती है। देवी सरस्वती ने नारदजी को, नारदजी ने महर्षि भरत को तथा महर्षि भरत ने नाट्यकला के माध्यम से जन सामान्य में संगीत को पहुंचाया। सूरदास की पदावली, तुलसीदास की चौपाई, मीरा के भजन, कबीर के दोहे, संत नामदेव की सिखानियाँ, संगीत सम्राट तानसेन, बैजु बाबरा, कवि रहीम, संत रैदास संगीत को सदैव जीवित रखेंगे। विश्व संगीत दिवस को मनाने का उद्देश्य संगीत विशेषज्ञ व विश्व के संगीत कलाकारों को एक अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर लाकर विश्व एकता तथा विश्व शान्ति का सन्देश सारी दुनिया को देना भी है।

संगीत आपके मूड, भाव और विचारों पर असर डालने की ताकत रखता है। एक अध्ययन के अनुसार, जोशीला संगीत कुछ समय में ही मूड को तरोताजा कर देता है। संगीत के सात स्वर बीमारियों को छूमंतर कर सकते हैं। संगीत मन के भाव को बयां करने का बेहद सरल तरीका है। संगीत में लय, ताल का समावेश है तो संगीत थिरकने पर मजबूर कर देता है। लेकिन यही संगीत हमारे स्वास्थ्य को भी बेहतर कर सकता है। वैदिक काल में ऐसे कई उदाहरण मिलते हैं जिनसे यह पूरी तरह से प्रमाणित होता है कि उस समय संगीत चिकित्सा शिखर पर रही होगी। ऊं का नाद स्वर इसी संगीत चिकित्सा का सर्वोपरि उदाहरण है। संगीत के हर राग में रोग निरोधक क्षमता है। राग पूरिया धनाश्री अनिद्रा दूर करता है, तो राग मालकौंस तनाव से निजात दिलाता है। राग शिवरंजिनी मन को सुखद अनुभूति देता है। राग मोहिनी आत्मविश्वास बढ़ाता है। राग भैरवी ब्लड प्रेशर और पूरे तंत्रिका तंत्र को नियंत्रित रखता है। राग पहाड़ी स्नायु तंत्र को ठीक करता है। राग दरबारी कान्हड़ा तनाव दूर करता है तो राग अहीर भैरव व तोड़ी उच्च रक्तचाप के लिए कारगर है। दरबारी कान्हड़ा अस्थमा, भैरवी साइनस, राग तोड़ी सिरदर्द और क्रोध से निजात दिलाता है।

# विपरीत विचारों को सुनने का अभ्यास करना होगा सरकार को

**- डॉ. दीपक पाचपोर**

यह तो सच है कि कोई भी व्यक्ति या संगठन अपनी आलोचना सुनना पसंद नहीं करता परन्तु लोकतंत्र का यह तकाजा है कि सरकारों को अपनी आलोचना सुनने की क्षमता विकसित करनी ही पड़ती है। यह भी सच है कि मोदी एवं भाजपा जिस परिवेश की उपज हैं, उसमें आलोचना तो दूर सवाल करने या नुक्ताचीनी की भी गुंजाईश नहीं होती।

सुप्रसिद्ध लेखिका अरुंधति रॉय पर एक 14 साल पुराने मामले को लेकर मुकदमा चलाने की अनुमति देकर दिल्ली के उप राज्यपाल ने साबित कर दिया है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भारत के लिये अब भी दूर की कौड़ी है। देश के संविधान ने चाहे लोगों को अपनी राय रखने की आजादी के मजबूत प्रावधान कर रखे हों लेकिन समाज इस बात का आदी नहीं है कि वह नये विचारों की ओर कान और ध्यान दे; या किसी विषय पर नये दृष्टिकोण से विचार कर सके। वैसे समाज में विचारों के स्तर पर नवाचार लाना या उनमें ताजगी भरना सरकार का ही काम है। उनमें विचार बोने का काम चाहे सरकार का न हो लेकिन आजाद खयाली को प्रोत्साहन देना और उसे संरक्षित रखना लोकतांत्रिक समाज की ही जिम्मेदारी है। ये विचार प्रचलित मान्यताओं के खिलाफ हो सकते हैं या फिर परम्पराओं से हटकर भी, उनमें सांस्कृतिक हस्तक्षेप न करते हुए देश में एक वैचारिक प्रवाह को मुक्त बनाये रखने के लिये आवश्यक वातावरण बनाना उसी का काम है। अगर विचारधारा को कोई बाधित करता है तो उन अवरोधों को संवैधानिक प्रावधानों के माध्यम से हटाना किसी भी लोकतांत्रिक सरकार का उत्तरदायित्व होता है। इसके बिना उस देश का 'लोकतंत्र की जननी' होने का दावा बेकार है। संविधान में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को इसलिये दुनिया भर में तवज्जो दी जाती है। अपने खिलाफ उठने वाली आवाज को सुनकर और उसे सम्मान देकर सरकारें अपना कद बढ़ाती हैं। दुर्भाग्य से भारत में नये विचार जन्म लेने के पहले ही मर रहे हैं।

अरुंधति रॉय के सन्दर्भ में यह बात और पुख्ता हो जाती है। 9 से अधिक पुस्तकों की अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजी गयी लेखिका अरुंधति के खिलाफ यह मामला 27 नवम्बर, 2010 को उनके द्वारा दिल्ली के एलटीजी सभागार में दिये भाषण को लेकर दर्ज हुआ है। इसमें उन्होंने कश्मीर पर अपनी राय रखी थी। 'आजादी- द ओनली वे' नामक इस कांफ्रेंस में उन्होंने कथित रूप से कश्मीर को भारत से अलग करने सम्बन्धी प्रचार किया था। इस कार्यक्रम में उनके साथ सैयद अली शाह गिलानी, एसएआर गिलानी, डॉ. शेख शौकत हुसैन एवं कवि करवर राव शामिल थे।

# पेड़ क्यों रह गए पीछे

**हेमलता म्हस्के**
**(लेखक समाजसेवी व वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**



गर्मी तो हर साल आती है लेकिन इस बार पिछले रिकार्ड भी तोड़ रही है। यह हमारी लगातार लापरवाही का नतीजा है। हमने कंक्रीट के जंगल बसाए। ढेर सारे उपकरण लगाए लेकिन पौधे नहीं लगाए बल्कि उनको काट डाला। क्या हम अभी भी सावधान नहीं होंगे। बढ़ते तापमान को रोकने के लिए हमें अपनी कोशिशें तेज करनी होंगें। पिछले कई वर्षों के मुकाबले इस बार अप्रैल और मई के साथ जून महीने में इतनी भीषण गर्मी पड़ी है जिससे अब तक के सभी रिकॉर्ड टूट गए हैं। शरीर को झुलसा देने वाली गर्मी, सूरज का बढ़ता पारा और लू के थपेडों से न केवल मनुष्य बल्कि पशु पक्षी और जीव जंतु सभी का हाल बेहाल है। सूरज का पारा दिन प्रतिदिन बढ़ने का मुख्य कारण ग्लोबल वार्मिंग है।

पृथ्वी के बढ़ते तापमान को ही ग्लोबल वार्मिंग कहते हैं। पृथ्वी सूर्य की किरणों से ऊष्मा प्राप्त करती है जो वायुमंडल से गुजरते हुए पृथ्वी की सतह से टकराती हैं और धरती को ऊष्मा प्रदान करती है। इंसान की लापरवाही और धन की हवस के कारण वायुमंडल की निचली परत में ग्रीन हाउस गैसों का आवरण सा बन जाता है। यह आवरण लौटती किरणों के एक बड़े हिस्से को रोक लेता है ऐसी रुकी हुई किरणें ही धरती के तापमान को बढ़ाती हैं। वायुमंडल में गैसों का एक निश्चित अनुपात माना गया है लेकिन बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग के कारण संतुलन बिगड़ रहा है। पिछले 100 वर्षों में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा में 24 लाख टन की बढ़ोतरी हुई है जबकि ऑक्सीजन की मात्रा में 26 लाख टन की कमी आई है। यह असंतुलन मानव सहित पशु पक्षियों और वनस्पति जगत के लिए बहुत ही चिंताजनक है। अगर हम अभी भी जागरूक नहीं होंगे तो वह दिन दूर नहीं जब हमें घर से बाहर निकलते हुए अपने साथ ऑक्सीजन का एक छोटा सिलेंडर भी ढो कर ले जाना होगा। इसी के साथ भविष्य में ग्लोबल वार्मिंग के कारण पृथ्वी के तापमान में और बढ़ोतरी होगी और अगर ध्रुव और ग्लेशियर की बर्फ पिघलने लगी तो पूरी पृथ्वी समुद्र के जल से जल मग्न हो सकती है और पृथ्वी पर महा प्रलय भी आ सकती है भविष्य में संकट को देखते हुए हमें मिलकर ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए हमें पौधे लगाने होंगे क्योंकि केवल सरकार के भरोसे ग्लोबल वार्मिंग को नहीं रोका जा सकता अगर हर साल हर परिवार का एक व्यक्ति एक पौधा लगाए तो हम अपने आसपास के 2.5 सेंटीग्रेड फारेनहाइट तापमान को कम कर सकते हैं इसलिए जरूरी है कि हमें मिलकर प्रयास करने होंगे वरना भविष्य में ना केवल हमें बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी कष्ट उठाना पड़ेगा।

पेड़ मनुष्यों को ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, कार्बन का भंडारण करते हैं, मिट्टी को स्थिर करते हैं और दुनिया भर में विभिन्न प्रकार के जीवों का समर्थन करते हैं। वे हमें उपकरण और आवास के लिए आवश्यक संसाधन भी देते हैं। पेड़ पत्तेदार छाया और नमी से हवा, भूमि और पानी को ठंडा करते हैं। हमारे घरों के पास और हमारे समुदाय में लगाए गए पेड़ तापमान को नियंत्रित करते हैं, और जीवाश्म ईंधन को जलाने से उत्पन्न एयर कंडीशनिंग और हीटिंग की आवश्यकता को कम करते हैं, जो अतिरिक्त वायुमंडलीय कार्बन डाइऑक्साइड का एक प्रमुख स्रोत है।

पेड़ गीत गाने वाले पक्षियों को अपने करीब लाते हैं। पक्षियों के गीत हवा में गूंजते रहते हैं क्योंकि पेड़ अनगिनत प्रजातियों के लिए घोंसले बनाने की जगह, भोजन और आश्रय प्रदान करते हैं।

पेड़ सभी वन्यजीवों को आश्रय और पोषण देते हैं।

प्रकृति इंसान की सबसे बड़ी दोस्त होती है। लेकिन इंसान को प्रकृति की उतनी परवाह नहीं है। इंसान अपने आराम के लिए प्रकृति का बेधड़क इस्तेमाल कर रहा है। पहले जहां जंगल थे। चारों तरफ जहां हरियाली थी। वहां अब हरियाली सिमटती नजर आ रही है। और इसका सबसे बड़ा कारण है इंसान। इंसानों ने अपने इस्तेमाल के लिए पेड़ों की कटाई की और जमीनों की खुदाई की। इसके साथ ही जंगलों का वातावरण ऐसा किया जिससे आज भारत में पिछले कुछ सालों से जंगल लगातार कम होते जा रहे हैं। भारतीय वन राज्य रिपोर्ट के मुताबिक साल 2021 में भारत में 7,13,789 स्क्वायर किलोमीटर जंगल क्षेत्र है, जो पूरे देश के भौगोलिक क्षेत्र का 21.72 प्रतिशत है। इसमें साल 2019 के बाद 1540 स्क्वायर किलोमीटर की बढ़ोतरी हुई। लेकिन पिछले कुछ सालों में इसमें कमी देखने को मिली है जो एक चिंता का विषय है।

दुनिया में सबसे ज्यादा जंगल रूस में है। रूस में 815 मिलियन हेक्टेयर से ज्यादा जंगल है, जो रूस के पूरे क्षेत्रफल का 45% है। दुनिया के सबसे बड़े जंगल की बात की जाए तो वह दक्षिण अमेरिका में है । दक्षिण अमेरिका का जंगल अमेजॉन रेनफॉरेस्ट करीब 65 लाख स्क्वायर किलोमीटर में फैला हुआ है। इसे पृथ्वी का फेफड़ा भी कहते हैं क्योंकि यह दुनिया की करीब 20% ऑक्सीजन पैदा करता है। वहीं अगर भारत की बात की जाए तो भारत में सबसे ज्यादा जंगल मध्य प्रदेश में है, जो 77,462 वर्ग किलोमीटर में फैले हुए हैं। हमारी जीवन शैली और कुछ लापरवाहियों की वजह से जो ठंडे इलाके माने जाते थे वहां भी अब गर्मी अपना रौद्र रूप दिखा रही है। इसके तुरंत बाद बाढ़ और वर्षा की आपदाओं का सामना करेंगें। हम देखेंगे कि फिर सुखा भी आएगा। खेती बर्बाद होगी। ऐसे में पानी के लिए पूरे देश में हाहाकार होगा। फिर जब ठंड का समय आएगा तो भी उतनी ठंड नही होगी जिससे हम यह महसूस कर सकेंगें कि ठंड का मौसम आ गया । नदियां सूख रही हैं। दुनिया भर में लाखों लोग गर्मी से मर रहे हैं। इनमे 30 फीसद लोग एशिया के हैं। जिस रफ्तार से जंगल कट रहे हैं। उस हिसाब से पर्याप्त पेड़ नहीं लग रहे हैं। भारत के खेतिहर इलाके में 60 करोड़ छायादार पेड़ थे। 2010 में मैपिंग के अनुसार और 2018 के एक रिपोर्ट के मुताबिक मात्र आठ सालों में साढ़े 6 करोड़ से अधिक छायादार पेड़ नष्ट कर दिए गए।ये आंकड़े सबसे अधिक तेलांगना,हरियाणा,केरल,आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के हैं, जहां इन दिनों गर्मी के कारण हाहाकार मचा हुआ है। ऐसे में हमारी आदतें और आरामपरस्ती नहीं बदलेगी तो हम निश्चित ही अपने अंत की ओर आगे बढ़ रहे हैं। इन सब का बुरा असर हमारी अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। अपने देश में पिछले एक दो दशकों से पेड़ लगाओ अभियान सरकार और समाज द्वारा चलाए जा रहे हैं लेकिन बावजूद इसके तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। पेड़ लगाने का काम हमें ईमानदारी से और पूरी गंभीरता से करने की जरूरत है। पेड़ लगाने के नाम पर बेइमानी को छोड़ना होगा। आज पेड़ हमारी जिंदगी में बहुत पीछे रह गए हैं।

# मणिपुर पर भाजपा का अजीब रवैया

मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदायों के बीच हिंसक संघर्ष को खड़े हुए साल भर से अधिक का वक्त बीत गया है। लेकिन वहां शांति कायम होने की पुख्ता जमीन अब तक तैयार नहीं हो पाई है। अलबत्ता गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की, जिसमें मणिपुर के हालात पर समीक्षा की गई। जिसमें फैसला लिया गया कि गृह मंत्रालय मैतेई और कुकी समुदाय से बात करेगा। गृह मंत्री शाह ने राज्य के मुख्य सचिव विनीत जोशी को विस्थापितों के लिए उचित स्वास्थ्य-शिक्षा सुविधाएं और उनके पुनर्वास को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गृह मंत्रालय को ओर से जारी बयान में कहा गया कि जरूरत पढ़ने पर राज्य में केन्द्रीय बलों की तैनाती बढ़ाई जाएगी। राज्य में शांति और सौहार्द्र बहाल करने के लिए बलों को रणनीतिक रूप से तैनात किया जाना चाहिए। मणिपुर में हिंसा फैलाने वालों को खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। इस बैठक में अमित शाह के साथ केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, खुफिया ब्यूरो प्रमुख तपन डेका, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, मणिपुर के सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह, मणिपुर के मुख्य सचिव विनीत जोशी, मणिपुर के डीजीपी राजीव सिंह और असम राइफल्स के डीजी प्रदीप चंद्रन नायर शामिल थे। लेकिन मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह का नाम इसमें नहीं था। केन्द्र और राज्य के प्रशासनिक, पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों का बैठक में होना जरूरी था, क्योंकि सरकार के निर्णयों को जमीन पर उतारने का काम इन्हीं का होता है। लेकिन क्या मणिपुर की सत्ता राज्य सरकार नहीं बल्कि केंद्र सरकार संभाल रही है। अगर ऐसा नहीं है तो फिर बीरेन सिंह के इस बैठक में शामिल न होने के क्या कारण हो सकते हैं। क्या राज्य की सुरक्षा व्यवस्था के मामले में उन्हें दूर रखकर केंद्र सरकार ने मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को यह संदेश दिया है कि उन पर अब भरोसा नहीं रहा। कारण जो भी हो, लेकिन केंद्र सरकार का यह रवैया लोकतांत्रिक नहीं है। मणिपुर और केंद्र दोनों जगह भाजपा ही सत्ता में है। भाजपा की जुबान में इसे डबल इंजन सरकार कहा जाता है। लेकिन दोनों जगह भाजपा के सत्ता में होने का यह अर्थ कतई नहीं है कि मणिपुर का शासन केंद्र से चले। अगर भाजपा को एन बीरेन सिंह की प्रशासनिक अक्षमता से शिकायत है, तो उन्हें पद से हटाना चाहिए या फिर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाना चाहिए। वैसे भी मणिपुर के मामले में केंद्र सरकार का रवैया समझ से परे ही रहा है। पिछले साल मई के शुरूआती दिनों में जब मणिपुर के हालात बिगड़ने शुरू हुए, प्रधानमंत्री मोदी तब भी वहां नहीं गए थे और अब जबकि उन्होंने फिर से प्रधानमंत्री का पद संभाल लिया है, उनकी प्राथमिकता में मणिपुर शायद अब भी नहीं है। जी-7 की बैठक में शामिल होने के लिए वे इटली तक हो आए, लेकिन मणिपुर जाने का उन्हें वक्त नहीं मिला है। मणिपुर पर अब भी अमित शाह बैठक कर रहे हैं। पिछले साल अमित शाह ने वहां का दौरा भी किया था, लेकिन हालात नहीं सुधरे और अब आलम ये है कि हाल ही में मुख्यमंत्री के काफिले पर हमले से लेकर उनके आवास के पास में आगजनी तक हो गई। फिर भी केंद्र सरकार मैतेई और कुकी समुदाय से चर्चा की बात ही कर रही है। पिछले एक साल में केंद्र सरकार ने दोनों पक्षों से बातचीत की ऐसी कितनी कोशिशें की हैं, और उनका क्या नतीजा निकला है, यह भी अमित शाह को बता देना चाहिए, ताकि जनता को यकीन हो कि मणिपुर को लेकर सरकार वाकई गंभीर है।

हाल ही में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने मणिपुर के मामले में अपनी नाखुशी जाहिर करते हुए कहा था कि मणिपुर पिछले एक साल से शांति स्थापित होने की प्रतीक्षा कर रहा है।दस साल पहले मणिपुर में शांति थी। ऐसा लगा था कि वहां बंदूक संस्कृति खत्म हो गई है, लेकिन राज्य में अचानक हिंसा बढ़ गई है। मणिपुर की स्थिति पर प्राथमिकता के साथ विचार करना होगा। श्री भागवत के इस कथन के बाद ही अमित शाह ने यह उच्च स्तरीय बैठक की है, जिस पर कहा जा रहा है कि यह संघ के दबाव का असर है। इस आकलन में कितनी सच्चाई है, यह तो पता नहीं, लेकिन ऐसा है तब भी इसे आदर्श स्थिति नहीं कहा जा सकता। क्योंकि केंद्र और राज्य की सत्ता जनता ने भाजपा को सौंपी है, संघ को नहीं। इसलिए हालात संभालने की चिंता भाजपा की होनी चाहिए। मगर अब भाजपा के रवैये को देखकर चिंता बढ़ रही है।

# जागो ! डॉ मोहन प्यारे, जागो !

**@ राकेश अचल**

मै अपने मध्यप्रदेश और अपने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से बहुत लगाव रखता हूँ। मेरा अपने सूबे और सूबे के मुख्यमंत्री से भगवान और भक्त का रिश्ता है। ये बात और है कि हमारा कभी सीधा साबका नहीं पड़ा। भक्तों को ये आजादी है की वो अपने भगवान से कुछ भी शिकायत कर सकता है। भक्त अपने भगवान से बेहद आत्मीय यानि तू-तड़ाक की भाषा भी बोले तो उसका बुरा नहीं माना जाता इसलिए मै हमेशा आपने भगवान को जगाता रहता हूँ ताकि वे सो न जाएँ। वे सोये तो समझिये की सूबे का बेड़ा गर्क। वे भटके तो समझिये की सूबे में भाजपा का बेड़ा गर्क।

हमारे सूबे के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव पिछले तीन महीने से आम चुनाव में एक यादव नेता के रूप में अपनी पार्टी के लिए काम कर रहे थे। थक गए है। उन्हें उबासियाँ भी खूब आतीं है। चूंकि वे चुनाव में व्यस्त थे इसलिए सूबे की नौकरशाही अपने आप में मस्त हो गए। सचिवालय ठप्प हो गया। कमलनाथ के जमाने में सचिवालय की जो दुर्दशा थी, ठीक वैसा ही माहौल आजकल भोपाल में है। कोई किसी की सुनने वाला नही। कोई किसी को बूझने वाला नही। कभी-कभी लगता है कि मध्यप्रदेश में डॉ मोहन यादव का राज नहीं बल्कि सचमुच का राम राज चल रहा है।

अखबारों और गोदी मीडिया से पता चला है कि हमारे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सूबे में कानून और व्यवस्था की दशा सुधारने के लिए भारतीय दंड संहिता के बजाय यूपी की तर्ज पर बुलडोजर संहिता का न सिर्फ इस्तेमाल करने की गलती कर रहे हैं बल्कि उसे प्रोत्साहित भी कर रहे है। ये कोशिश उनसे पहले के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी की थी, लेकिन वे समय रहते नींद से जाग गए थे, किन्तु दुर्भाग्य ये है कि हमारे मोहन प्यारे जागने के बजाय और ज्यादा तेजी से झपकियां ले रहे हैं। उनकी सरकार कानून और व्यवस्था सम्हालने के लिए पहले से मौजूद 1248 कानूनों का सहारा लेने का बजाय बुलडोजर का सहारा ले रही है। डॉ साहब भूल जाते है कि बुलडोजर कानून से भी ज्यादा जन्मांध होता है। बुलडोजर आरोपियों को नहीं बल्कि उन निर्दोष लोगों का भविष्य जमींदोज करता है जिनका अपराध से कोई लेना देना नहीं होता। मोहन प्यारे भूल जाते हैं कि देश का कोई कानून किसी भी आरोपी को अदालत से दोष सिद्ध होने तक बुलडोजर से नहीं रौंद सकता।

हमारे मुख्यमंत्री संयोग से पढ़े-लिखे है। उन्होंने पीएचडी की उपाधि हासिल की है लेकिन वे राज-काज चलाने में अनाड़ी साबित हो रहे है। वे भूल रहे हैं कि वे सूबे में जनमत के जिस खलिहान पर खड़े हैं उसकी फसल उन्होंने नहीं बल्कि उनके बड़े भाई शिवराज सिंह चौहान ने बोई और काटी थी। चौहान अब देश कि कृषि मंत्री हैं।

हमारे मोहन प्यारे ने छह महीने में क्या किया



इसकी जानकारी सम्भवतः किसी को न होती जो उनकी सरकार की उपलब्धियों के बड़े-बड़े इश्तहार न छपते। इश्तहारों की बैशाखी से चलने वाली सरकारें ज्यादा लोकप्रिय नहीं होती। लोकप्रियता हासिल करने कि लिए जमीन पर काम करना पड़ता है। हवाई यात्रा से हटकर रेल, बस के साथ ही पदयात्रा भी करना पड़ती है। अपने सूबे कि मतदाताओं से एक रिश्ता कायम करना पड़ता है। शिवराज ने इसी रिश्तेदारी की बिना पर प्रदेश में 18 साल से ज्यादा राज किया। पटखनी भी खाई, लेकिन फिर से उठ खड़े हुए। मोहन जी, चौहान साहब से कुछ सीख सकते है। अब सीखें या न सीखें ये उनकी मर्जी। डम्पर घोटाले से लेकर सैकड़ों घोटालों के बाद भी शिवराज सिंह सूबे में कैसे लोकप्रिय बने रहे ? इसके बारे में डॉ मोहन यादव को एक बार फिर पीएचडी करना चाहिए।

मै बात बुलडोजर संहिता की कर रहा था। मेरे ख्याल से ये संहिता न किसी संसद से पारित है और न किसी विधानसभा से। ये एक कुंठित और तालिबानी सोच की उपज है, ये अवाम को भयभीत करने का तरीका है। उत्तर प्रदेश में सुशासन कि लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुलडोजर संहिता का जमकर इस्तेमाल किया और आज भी कर रहे हैं, लेकिन उन्हने क्या हासिल हुआ? आम चुनाव में जनता ने भाजपा का सूपड़ा साफ कर दिया। जाहिर है कि जनता भारतीय दंड संहिता कि अनुसार तो चल सकती है किन्तु बुलडोजर संहिता को बर्दाश्त नहीं कर सकती। योगी आदित्यनाथ की बुलडोजर संहिता पूरी भाजपा पर ही नहीं खुद प्रधानमंत्री जी पर भी भारी पड़ी। वे खुद काशी से राम-राम जपकर चुनाव जीते। उत्तर प्रदेश में भाजपा की जो दुर्दशा हुई उसका एक ही सन्देश है कि- भाई बुलडोजर संहिता को त्याग दीजिये। बुलडोजर का निशाना संयोग से या इरादतन पेशेवर आरोपियों कि साथ वे समुदाय बनते दिखाई दे रहे हैं जो भाजपा को शुरू से फूटी आँख नहीं सुहाते। हमारे सूबे में तो अब अल्पसंख्यक ही नहीं बल्कि अंग्रेजों कि जमाने में आपराधिक जातियों की फेहरिस्त में शुमार किये गए कंजर भी आ गए हैं।

मध्यप्रदेश को जलसंकट से उबारने, बेरोजगारी से मुक्त करने और विकास कि रास्ते पर तीव्र गति से दौड़ने के लिए जिस सम्यक दृष्टि की जरूरत है वो अभी डॉ मोहन यादव की सरकार में नजर नहीं आ रही। वे प्रधानमंत्री श्री वायुसेवाओं का उद्घाटन करते फिर रहे हैं लेकिन उन्हने नहीं मालूम कि आज भी प्रदेश के ग्वालियर जैसे बड़े शहर में नगर बस सेवा नहीं है। अभी तक ग्वालियर दुर्ग पर पहुँचने के लिए रूप-वे नहीं है। अभी तक सूबे की सरकार की कोई छाप जनमानस पर पड़ी नहीं है। डॉ यादव यदि अकड़कर चलेंगे तो शायद बात नहीं बनेगी। उनका जन-प्रतिनिधियों और मीडिया से जब तक सीधा, सहज, सरल संवाद कायम नहीं होता तब तक न वे डॉ मोहन यादव ही बन पाएंगे और न ही शिवराज सिंह चौहान। उनके सामने शिवराज सिंह लोकप्रियता की इतनी बड़ी लकीर पहले ही खींच चुके हैं कि उसका मुकाबला करना आसान नहीं है। उन्हें अब चुनावी दौरों से अपने आपको अलग कर सूबे की समस्याओं के निदान पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

मध्यप्रदेश में जितने भी गैर कांग्रेसी और भाजपाई मुख्यमंत्री बने हैं, मुझे उनमें से सबका काम देखने का अवसर मिला है। सर्वश्री वीरेंद्र सखलेचा, सुंदरलाल पटवा और कैलाश जोशी के अलावा सुश्री उमा भारती, बाबूलाल गौर और शिवराज सिंह चौहान को मैंने कार्य करते देखा है। इनमें से अनेक के साथ मेरे मित्रवत रिश्ते भी रहे। मप्र में भाजपा को सत्ता में लाने वाली उमा जी 9 माह में ही सत्ताच्युत हो गयीं। उनके पंचज को उन्हीं की पार्टी की सरकारों ने भुला दिया। गौर साहब की योजनाओं का भी कोई अता -पता नहीं है। शिवराज सिंह चौहान की सरकार के समय बनी योजनाओं का भी नई सरकार में यही हाल हो रहा है, सिवाय लाड़ली बहना योजना को छोड़कर। डॉ मोहन यादव सरकार सात महीने में ऐसी कोई योजना शुरू नहीं कर पायी है जो लाड़ली लक्ष्मी या लाड़ली बहना योजना का मुकाबला कर उन्हें नयी पहचान दिला सके।

डॉ मोहन यादव के प्रति मेरी पूरी सहानुभूति है क्योंकि वे किस्मत से मुख्यमत्री बने है। उन्होंने प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने के लिए कोई पापड़ नहीं बेले। जिन लोगों ने मुख्यमंत्री बनने के लिए पापड़ बेले थे उनमें से अनेक या तो मार्गदर्शक मंडल में जा चुके हैं या चुपचप अपनी वरिष्ठता भुलाकर डॉ यादव के मंत्रिमंडल में रहकर काम कर रहे हैं। ऐसे में आवश्यक है कि डॉ मोहन यादव यानि हमारे मोहन प्यारे अपने आपको न वीरेंद्र सखलेचा की तरह शुष्क बनने दें, न सुंदरलाल पटवा की तरह अकड़ू बनने दे, न कैलाश जोशी की तरह सुस्त बनने दे। न उमा भारती की तरह अग्निमुखी और आत्म मुग्ध बनने दें, न बाबूलाल गौर की तरह गिलगिला बनने दे। वे शिवराज सिंह चौहान भी न बनें, बल्कि सबसे अलग सबके मन को मोहने वाले मोहन यादव बने। सुझाव मैंने दे दिए है। बाकी वे खुद समझदार हैं। समझ से काम लेंगे तो हमेशा याद किये जायँगे अन्यथा उन्हें मोशा की जोड़ी कभी भी शंट कर सकती है। वजह साफ है कि अभी तक उनकी जड़ें जमीन में नहीं हवा में है। जिन्हें वायुमूल कहा जाता है।

# चित्रकूट - उन्नाव संदेश

## मुख्य आरक्षी बाबूलाल पदोन्नति पाकर बने उप निरीक्षक

**चित्रकूटः** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने मुख्य आरक्षी पद से उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नति पाने वाले उप निरीक्षक बाबूलाल के कन्धों में स्टार लगाकर अलंकृत किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने पदोन्नति पाने वाले उप निरीक्षक को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर प्रधान लिपिक अनिल मोहन शुक्ला, वाचक पारितोष दीक्षित, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल आदि मौजूद रहे।

## प्रथम क्लास की वातानुकूलित बोगी से महिला के पर्स से लाखों का जेवर व नगदी पार

**मानिकपुर, चित्रकूटः** नई दिल्ली से रीवा तक जाने वाली ट्रेन 12428 रीवा एक्सप्रेस में महिला का पर्स चोरी हो गया। नगदी निकाल कर बाथरूम के बाहर चोरों ने पर्स फेंक दिया। तलाशी करने पर पर्स खाली फेक कर चोर गायब हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ए4 बोगी में यात्रा कर रही महिला का प्रयागराज और शंकरगढ़ स्टेशन के पास पर्स चोरी हो गया, जिसमे करीब 15 से 20 लाख रुपये की सोने चाँदी की ज्वैलरी और नगदी थी। इसकेस बाद महिला ने ट्रेन में शिकायत दर्ज कराई। इस दौरान जीआरपी और ट्रेन स्टाफ मौके पर पहुँचा और महिला का पर्स बाथरूम में मिला। हालांकि पर्स में जेवर रखें थे, किन्तु नगद रूपए गायब थे। इस मामले में मानिकपुर जीआरपी प्रभारी दिनेश मिश्रा ने बताया कि चोरी सुबह करीब 5 बजे के आसपास सिराथू से प्रयागराज के बीच हुई है। इस संदर्भ में प्रयागराज ट्रेन स्काट मामले की जानकारी में जुटे है। जिसके चलते महिला यात्री से बातचीत नही हो सकी।

## 6 आरोपियों के विरुद्ध की मिनी गुण्डा की कार्यवाही

**चित्रकूटः** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी रीता सिंह ने बताया कि जनता में भय आतंक फैलाकर गुण्डा-गर्दी करने वाले गंगासागर निवासी पहाडी, रमेश निवासी लोहदा, हरिशंकर, दयाशंकर, उमाशंकर, शिवशंकर निवासीगण लोहदा के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

## अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूटः** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक सिद्धनाथ राय तथा उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार द्वारा जितेन्द्र निवासी गोसाईंपुरवा थाना राजापुर को 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना राजापुर में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## पुलिस कर्मियों को दिया गया नये भारतीय कानून का 3 दिवसीय प्रशिक्षण



**चित्रकूटः** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में नये कानून के लिये आयोजित 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन किया गया। इस कार्यशाला में प्रभारी सीसीटीएनएस जयप्रकाश उपाध्याय की उपस्थिति में जिला कॉर्डिनेटर सीसीटीएनएस मनीष वर्मा द्वारा थाना, कार्यालयों के उप निरीक्षकों, दीवान, मुन्सियों एवं सीसीटीएनएस का कार्य देख रहे पुलिस कर्मियों को आगामी 1 जुलाई से लागू होने वाले भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 की धाराओं के सम्बन्ध में पुलिस मुख्यालय लखनऊ से प्राप्त पीपीटी एवं वीडियोज के माध्यम से विस्तृत रुप से पढाया गया।

## भाजपा को हार की समीक्षा करनी चाहिए: विपुल त्रिपाठी



**कौशांबी।** सवर्ण समाज पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव एवं राष्ट्रीय सहझप्रभारी तथा केसरिया जागृति मंच के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष(युवा) विपुल कुमार त्रिपाठी ने कहा कि हाल ही में आयें लोकसभा चुनाव के नतीजों की समीक्षा उत्तर प्रदेश सरकार एवं उत्तर प्रदेश भाजपा संगठन को करनी चाहिए और जनता के मन को टटोलते हुए संगठन एवं सरकार मे बदलाव के साथ अपने नेताओं के व्यवहार में ही परिवर्तन लाने का निर्देश देना चाहिए,इस चुनाव में उत्तर प्रदेश के कई मंत्रियों की हार एवं उप मुख्यमंत्री एवं मंत्रियो के गृह जनपद की सीट हारने की वजह पर विचार होना चाहिए और बदलाव ऐसा हो कि जनता मे बदलाव की छवि दिखे, विपुल ने कहा कि उत्तर प्रदेश अभी और बदलाव की आवश्यकता है।

## ग्रामीण चिकित्सक ने लू लगे ब्यक्ति की बचाई जान

**अगिआँव।** प्रखण्ड क्षेत्र के बेरथ गांव के समीप लू लगने से पथिक हुआ बेहोश। ग्रामीण चिकित्सक सह रतनाढ पैक्स अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंच पथिक का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए आरा भेज दिया। श्री सिंह ने बताया कि काशीडीह निवासी रामेश्वर तिवारी दोपहर मे अपने गांव से चलकर बेरथ के लिए साइकिल से आ रहे थे तभी अचानक बेरथ के समीप प्रद्युमन सिंह के पोखरा के पास गिर गए और बेहोश हो गए।रास्ते पर बेहोशी की हालत मे देख उधर से गुजर रहे मिथुन सिंह के द्वारा फोन पर पूरी जानकारी दी गई।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर बाइक से अपने निजी क्लीनिक लाया तत्पश्चात प्राथमिक इलाज करते हुए बर्फ एवम पानी से नहवा कर तापमान के उतरने के पश्चात बेहतर इलाज हेतु आरा भेज दिया।

# ब्राम्हण उत्पीडन के विरोध में एकता परिषद ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**चित्रकूटः** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के बैनर तले प्रदेश के राज्यपाल और मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी अभिषेक आनंद को सौंपा गया। परिषद ने विभिन्न जनपदों में ब्राम्हणों की हुई हत्याओं और उत्पीडन के मामलों में ठोस कार्रवाई की मांग की है।

परिषद के जिलाध्यक्ष शिवशंकर त्रिपाठी की अगुवाई में लामबंद ब्राम्हणों ने कलेक्टरेट पहुंचकर प्रदर्शन के साथ ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि ब्राम्हणों के साथ हो रही घटनाएं सभ्य समाज एवं सरकार के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। सुल्तानपुर, देवरिया, श्रावस्ती से लेकर हाल ही में हाथरस जनपद में परिषद जिलाध्यक्ष योगेश उपाध्याय की गोली मारकर हत्या कर दी गई। ब्राम्हण समाज का कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास के साथ ही युगों-युगों से सनातन धर्म एवं संस्कृति को संजोए रखना है। जिसके कारण विदेशी आक्रांताओं के निशाने पर ब्राम्हण रहा है। मौजूदा समय पर सोशल मीडिया में ब्राम्हण समाज को निशाना बनाकर देश से निकाले जाने तक की धमकियां दी जा रही है। परिषद के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनुज हनुमत ने कहा कि जनपद हाथरस सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों में हो रही ब्राह्मणों की हत्याओं पर कठोर कार्यवाही एवं मृतक परिवार को सहायता राशि, सुरक्षा आदि उपलब्ध कराई जाए।



उन्होंने कहा कि लगातार हो रही इन घटनाओं को देखते हुए अनेक सोशलमीडिया माध्यमों में उत्तर प्रदेश को ब्राह्मण हत्या प्रदेश कहा जा रहा है, जो सभ्य समाज एवं सरकार के लिए चिन्ता का विषय होना चाहिए। सुल्तानपुर, देवरिया श्रावस्ती से लेकर वर्तमान में हाथरस जनपद के योगेश उपाध्याय की हत्या इसी की एक कड़ी है। इसका कारण ब्राम्हण समाज का कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास के साथ ही युगों युगों से सनातन धर्म एवं संस्कृति को सजाये रखना है, किन्तु आज भी सोशल मीडिया से लेकर विभिन्न जातीयों के आन्दोलनों के दौरान ब्राम्हणों को विदेशी कहना एवं देश से निकाले जाने तक की धमकियां आम होना और किसी भी जिम्मेदार राजनेता द्वारा इसका प्रतिकार न किया जाना, अपराधियों एवं समाज विरोधियों के हौसले बुलन्द करता है। जिला महासचिव शिवप्रकाश पांडेय ने कहा जनपद हाथरस के योगेश उपाध्याय जो कि अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के जिलाध्यक्ष को अपराधियों द्वारा 14 जून को गोली मारकर हत्या किया जाना कानून व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न चिन्ह लगाता है। ज्ञापन द्वारा शासन से उल्लिखित घटनाओं पर त्वरित कार्यवाही करते अपराधियों की गिरफ्तारी, परिवार एवं गवाहों को सुरक्षा के साथ आर्थिक सहायता और सरकारी नौकरी प्रदान की जाए।

इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल अनिवार्य, अरुण मिश्र, विजय त्रिपाठी, शिवप्रकाश पांडेय, कवि सुनील सौम्य, बारातीलाल पांडेय, प्रधान अखिलेश पांडेय, चंद्रप्रकाश तिवारी, प्रवक्ता गणेश मिश्र, सुशांत पांडेय, बृजेश त्रिपाठी, हरि तिवारी, अर्पित शुक्ला, रोहित शुक्ला, अवधेश त्रिपाठी, अभिषेक गोस्वामी, मुदित शुक्ला, राहुल त्रिपाठी, देवदत्त पांडेय, बुद्धबिलास पांडेय, विपुल मिश्रा, विपिन तिवारी, रिंकू पांडेय आदि मौजूद रहे।

# मोक्ष का प्रवर्तन योग द्वारा ही सम्भव है - डॉ. वाजपेयी

**चित्रकूटः** आयुष ग्राम न्यास परिसर की साधना कुटी में बुधवार को त्रिदिवसीय योग दिवस समारोह का शुभारम्भ आयुष ग्राम गुरुकुलम् के आचार्यों एवं बटुकों द्वारा योगाभ्यास से किया गया। योगाभ्यास सत्र के बाद चर्चा सत्र का शुभारम्भ हुआ। आज के सत्र का शुभारम्भ आचार्य डॉ. मदनगोपाल वाजपेयी, पूर्व उपाध्यक्ष भारतीय चिकित्सा परिषद उत्तर प्रदेश शासन एवं आयुष ग्राम न्यास के संस्थापक एवं अध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

आचार्य माता प्रसाद शुक्ल ने बताया कि योग के वास्तविक लाभ तभी प्राप्त हो सकते हैं। जब उसे शास्त्रीय विधि से यम और नियम का पालन करते हुए आसन की बढ़ा जाय अन्यथा अशास्त्रीय और मनमाने ढंग से किया गया योग हानि पहुँचाने के अतिरिक्त कुछ नहीं करता। डॉ. वेदप्रताप वाजपेयी ने



कहा कि योग कोई ऐसा विज्ञान नहीं है जो परोक्ष रूप से फल देता हो या अगले जन्म में शुभ फल प्रदान करने की बात करता हो, बल्कि योग एक ऐसा विज्ञान है जो इसी जन्म में दुख की निवृत्ति, संतोष, सुख, शान्ति, उन्नति जैसे परिणाम देता है। साधना आयुर्वेद उपचारिका ने कहा कि योग की मुख्य दो धाराएँ प्रचलित हैं- हठ योग और राजयोग। हठ योग का उद्देश्य शरीर को आध्यात्मिक के मार्ग पर चलने योग्य बनाना है। शालू ने कहा कि राज योग में ऐसी उर्वरा शक्ति है जो प्रत्येक मानव के अंतःकरण में स्थित ज्ञान वृक्ष के मूल को अपनी उच्च प्रसादपूर्ण उर्जस्विता से ओत-प्रोत करता है। डॉ. आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि हठ योग शारीरिक स्वास्थ्य संतुलन की पद्धति है जबकि राज योग का अनुपालन करने से मानव अपने मन पर अधिकार कर लेता है। मन पर अधिकार कर लेना ही सर्वस्व की प्राप्ति है जबकि मन की दास्तां सर्वस्व पतन है। आचार्य डॉ. मदनगोपाल वाजपेयी ने बताया कि प्रथम योग शास्त्र पातंजल योग दर्शन के रचनाकार ऋषि पातंजलि ने योग की सरल परिभाषा बताते हुए कहा कि जिससे चित्तवृत्तियों की चंचलता मिट सके, उसका नाम योग है। वास्तव में योग में इतनी सामर्थ्य है कि वह परमात्मा से विलग हुए जीवात्मा को परमात्मा में विलीन कर देता है। इसी का नाम परम सुख या मोक्ष है। सभी प्रकार की वेदनाओं की निवृत्ति कराने की सामर्थ्य केवल मोक्ष में ही है और मोक्ष का प्रवर्तन केवल योग द्वारा ही संभव है।

इस मौके पर आचार्य सर्व शिवसागर सिंह, शालिगराम मिश्र, आचार्य क्षितिज अग्रवाल, आचार्य ब्रजकान्त मिश्र, आचार्य विनोद कुमार गर्ग एवं आयुष ग्राम न्यास के पदाधिकारी सर्व बाल्मीकि द्विवेदी, आलोक पाल आदि मौजूद रहे।

## छींटा कशी व छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

**फूलपुर।** फूलपुर थाना अंतर्गत सर्पोसबीर गांव निवासी पप्पू शर्मा पुत्र स्वर्गीय शीतला द्वारा विपक्षीगण के खिलाफ 17 जून को विपक्षीगण द्वारा वादी की पुत्री साक्षी शर्मा उम्र करीब 16 वर्ष के साथ छीटाकशी व छेड़खानी करना तथा वादी के लड़के द्वारा शिकायत करने पर मारपीट करना गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देना संबंधी प्रार्थना पत्र दिया गया। इसके संबंध में थाना फूलपुर पर मुकदमा विभिन्न धाराओं में सारे आलम पुत्र मोहम्मद अनीस, महफूज पुत्र फारूक अंसारी,सैदाब पुत्र रसीद, मोहम्मद हैदर पुत्र अयूब अंसारी निवासीगण सर्पोसबीर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करके विवेचना उपनिरीक्षक केसरी कुमार तिवारी को सुपुर्द की गई।

# मेडबंदी के जरिए खेत में रोकें खेत का पानी - शैलेन्द्र सिंह

**चित्रकूटः** ब्लॉक मुख्यालय रामनगर में बुधवार को क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक ब्लाक प्रमुख रामनगर गंगाधर की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जिसमें 2024-25 का विकास कार्यों का खाका तैयार किया गया। पुरानी कर योजनाओं को पढकर सुनाया गया। साथ ही नए कार्य योजना बनाई गई।

खण्ड विकास अधिकारी रामनगर शैलेंद्र सिंह ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं की जानकारी दी। साथ ही वर्षों में कराए गए कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि बरसात आने वाली है। ग्राम पंचायत में अधिक से अधिक खेतों में मेडबंदी कर खेत का पानी खेत में रोकें, जिससे जल



संचय हो सके। पेयजल के लिए गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन डालकर पानी की व्यवस्था हो रही है। बरसात को देखते हुए गांव में नालियों की सफाई अवश्य कराये। ब्लॉक प्रमुख गंगाधर मिश्रा ने ग्राम प्रधानों से ग्राम पंचायत की बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों को बुलाया जाय। बैठक में उनकी भी सहभागिता सुनिश्चित हो। मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की मुख्य समस्याओं को प्रमुखता के साथ निपटाया जाय। साथ ही शासन द्वारा संचालित योजनाएं धरातल में लागू हो। उन्होंने प्रधानों से कहा कि जिनके ग्राम पंचायत में गरीब व्यक्ति के घर से इंटरलॉकिंग की व्यवस्था न हो वह बताएं, जिससे विधायक निधि से काम कराया जा सके। जिला पंचायत सदस्य अर्जुन प्रसाद शुक्ल ने विधायक से मांग किया कि बैठक में अनुपस्थित विभागों के कर्मचारियों के ऊपर कार्रवाई की जाए।

इस मौके पर एडीओ आईएसबी देवकरण कुशवाहा, लेखाकार अतुल कांत खरे, एडीओ समाज कल्याण दिनेश कुमार सिंह, देवेंद्र कुमार सिंह, आलोक सिंह, करुणा पांडेय, ज्ञानेन्द्र सिंह, परिवर्तन प्रताप सिंह, सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## 10 हजार का इनामिया गैंगस्टर का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रयागराज।** मंगलवार को कैंट पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित चल रहे 10 हजार इनामिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक कैंट सुनील कुमार ने बताया कि एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के आपस में चर्चा कर रहे थे इसी बीच गैंगस्टर एक्ट से 10,000 रुपये का इनामिया वांछित अभियुक्त राघवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रोहित पुत्र प्रेम सिंह निवासी जजौली थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी को हाईकोर्ट ओवर ब्रिज के पास पानी की टंकी थाना क्षेत्र कैण्ट से गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम**

प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार, थाना कैण्ट.उ0नि0 कुलदीप उपाध्याय चौकी प्रभारी नाका, उ0नि0 मनोज कुमार दीक्षित, उ0नि0प्रशि0 रविन्द्र कुमार.निरीक्षक अनूप सरोज एस0ओ0जी0 टीम.हे0कां0 रवि देव यादव, हे0कां0 अखिलेश राय, एस0ओ0जी0 टीम कमिश्नरेट प्रयागराज।

# राहुल के जन्मदिन पर कौंग्रेसियों ने अस्पताल में बांटे फल

**चित्रकूटः** कौंग्रेस नेता राहुल गांधी के जन्मदिन पर बुधवार को जिला कौंग्रेस समिति के जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल के नेतृत्व में राहुल गांधी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। जिला अस्पताल पहुंचकर कौंग्रेसियों ने मरीजों को फल वितरित कर मनाया।

जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में जिस तरह से पूरे देश में भारत जोडो यात्रा और न्याय यात्रा कर जनता से सीधे संवाद किया गया, जिसका परिणाम रहा पूरे देश में इंडिया गठबंधन के पक्ष में माहौल बना और पीएम मोदी की तानाशाही के खिलाफ जनता ने गठबंधन को वोट देकर विजई बनाया है। साथ ही विपक्ष के कंधों पर नई जिम्मेदारी दी है, उस जिम्मेदारी को निभाया जाएगा।



कौंग्रेस की पूर्व प्रत्याशी रंजना बराती लाल पांडेय ने कहा कि राहुल गांधी हमेशा गरीब, शोषित, वंचित की हमेशा मदद की है और लडाई लडी हैं। साथ ही कौंग्रेस पार्टी ने जिला अस्पताल पहुंच कर मरीजों के फल वितरण कर मनाया।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष राकेश वर्मा, अनिल गुप्ता, शिव गुलाम वर्मा, महेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष सलमान सिद्दीकी, महेंद्र कुमार निषाद, आशीष कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस की तिथियां निर्धारित

**चित्रकूटः** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि तहसील मुख्यालय में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस रोस्टर के अनुसार निर्धारित किये गये है। जिसके अन्तर्गत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। अवशेष तहसीलों में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जायेगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ द्वारा निर्गत शासनादेश के समादर में जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी व अपर जिलाधिकारी तथा अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) की अध्यक्षता में प्रथम एवं तृतीय शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित कराये जाने के लिए माह जुलाई 2024 से दिसम्बर 2024 के लिए रोस्टर निर्धारित किया गया है। जिसके अन्तर्गत आगामी 6 जुलाई को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील कर्वी, मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में राजापुर, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) की अध्यक्षता में मऊ एवं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) की अध्यक्षता में मानिकपुर, 20 जुलाई को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राजापुर, मुख्य विकास अधिकारी मानिकपुर, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) कर्वी एवं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) की अध्यक्षता में मऊ में, 3 अगस्त को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मऊ, मुख्य विकास अधिकारी कर्वी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) मानिकपुर एवं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) की अध्यक्षता में राजापुर में, 17 अगस्त को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मानिकपुर, मुख्य विकास अधिकारी मऊ, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राजापुर एवं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) की अध्यक्षता में कर्वी में, 7 सितम्बर को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील कर्वी, मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में राजापुर, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) मऊ एवं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) की अध्यक्षता में मानिकपुर में, 21 सितम्बर को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राजापुर, मुख्य विकास अधिकारी मानिकपुर, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) कर्वी एवं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) की अध्यक्षता में मऊ, 5 अक्टूबर को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मऊ, मुख्य विकास अधिकारी कर्वी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) मानिकपुर, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) की अध्यक्षता में राजापुर में, 19 अक्टूबर को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मानिकपुर, मुख्य विकास अधिकारी मऊ, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राजापुर, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) की अध्यक्षता में तहसील कर्वी में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि 2 नवम्बर को गोवर्द्धन पूजा एवं 3 नवम्बर को भैयादूज का सार्वजनिक अवकाश होने के कारण 4 नवम्बर को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील कर्वी, मुख्य विकास अधिकारी राजापुर, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) मऊ एवं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) मानिकपुर में, 16 नवम्बर को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राजापुर, मुख्य विकास अधिकारी मानिकपुर, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) कर्वी एवं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) की अध्यक्षता में मऊ, 7 दिसम्बर को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मऊ, मुख्य विकास अधिकारी कर्वी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) मानिकपुर एवं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) की अध्यक्षता में राजापुर तथा 21 दिसम्बर को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मानिकपुर, मुख्य विकास अधिकारी मऊ, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राजापुर एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक की अध्यक्षता में तहसील कर्वी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग करेंगे।

# बाइडन की योजना से पांच लाख आप्रवासियों को मिल सकती है अमेरिकी नागरिकता

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन चुनावी वर्ष में बड़ा कदम उठा रहे हैं, जिससे अमेरिका में बिना किसी वैध स्थिति के रह रहे लाखों आप्रवासियों को राहत मिलने के साथ अमेरिकी नागरिकता मिलने का रास्ता साफ हो सकता है बाइडन के इस कदम को महीने की शुरूआत में सीमा पर उनके द्वारा अपनायी गई आक्रामक नीति को संतुलित करने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। उनके आक्रामक रुख ने डेमोक्रेटिक पार्टी के कई सांसदों को नाराज कर दिया था।



अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस ने मंगलवार को घोषणा की कि बाइडन प्रशासन आने वाले महीनों में कानूनी स्थिति के बिना रह रहे अमेरिकी नागरिकों के कुछ जीवन साथियों को स्थायी निवास और अंततः नागरिकता के लिए आवेदन करने की अनुमति देगा। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, इस कदम से पांच लाख से अधिक आप्रवासी लाभान्वित हो सकते हैं।


नागरिकता प्राप्त करने के लिए, एक आप्रवासी सोमवार को पूरी हुई अवधि तक कम से कम 10 वर्षों से अमेरिका में रह रहा हो तथा उसका किसी अमेरिकी नागरिक से विवाह होना चाहिए। यदि किसी अर्हता प्राप्त अप्रवासी का आवेदन स्वीकृत हो जाता है, तो उसके पास ग्रीन कार्ड के लिए आवेदन करने के लिए तीन वर्ष का समय होगा, तथा उसे अस्थायी कार्य परमिट प्राप्त होगा और इस बीच उसे निर्वासन से सुरक्षा मिलेगी।

नाम न बताने की शर्त पर प्रस्ताव के बारे में संवाददाताओं को जानकारी देने वाले वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, लगभग 50,000 गैर-नागरिक बच्चे, जिनके माता-पिता में से एक अमेरिकी नागरिक हैं, भी संभावित रूप से इसी प्रक्रिया के लिए पात्र हो सकते हैं।

इस बात की कोई आवश्यकता नहीं है कि दंपति को कितने समय तक विवाहित रहना चाहिए, और सोमवार के बाद कोई भी पात्र नहीं होगा।

अधिकारियों के अनुसार, इसका मतलब यह है कि 17 जून 2024 के बाद किसी भी समय 10 साल की अवधि तक पहुंचने वाले आप्रवासी इस कार्यक्रम के लिए पात्र नहीं होंगे।वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि उनका अनुमान है कि गर्मियों के अंत तक आवेदन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, तथा आवेदन शुल्क अभी निर्धारित नहीं किया गया है। इस कदम से उन लगभग 11 लाख लोगों में से कई लोग अंततः अमेरिकी नागरिक बन जाएंगे, जिन्होंने अमेरिकी नागरिकों से विवाह किया है।

## महान बेसबॉल प्लेयर विली बेस का 93 वर्ष की आयु में निधन



**वाशिंगटन।** महान बेसबॉल प्लेयर विली बेस का 93 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने मंगलवार को अंतिम सांस ली। तमाम लोग उन्हें बेसबॉल इतिहास का सबसे महान ऑलराउंड खिलाड़ी कहते हैं। विली बेस के निधन की घोषणा सैन फ्रांसिस्को जायंट्स ने सोशल मीडिया पर की। घोषणा में दावा किया गया है कि वह बेसबॉल हॉल ऑफ फेम के सबसे उम्रदराज जीवित सदस्य थे। सैन फ्रांसिस्को जायंट्स के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी लैरी बेयर ने कहा कि विली बेस पालो ऑल्टो में रहते थे। वहीं उन्होंने दुनिया को अलविदा कहा। उन्होंने अपने घरेलू करियर में 660 रन बनाए।

## मक्का में तापमान 51.8 डिग्री सेल्सियस, 577 जायरीनों की मौत



**रियाद।** सऊदी अरब के मक्का में हज के लिए पहुंचे जायरीनों पर गर्मी कहर बरपा रही है। 12 जून से 19 जून तक चलने वाली हज यात्रा में अब तक कुल 577 जायरीनों की मौत हो चुकी है। इसकी वजह सऊदी अरब में पड़ रही भीषण गर्मी बताई गई है। द गार्जियन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, मरने वाले जायरीनों में 323 मिस्र और 60 जॉर्डन के हैं। इसके अलावा ईरान, इंडोनेशिया और सेनेगल के जायरीनों की भी मौत हुई है। मिस्र के विदेश मंत्री ने कल कहा था कि वे सऊदी के अधिकारियों के साथ मिलकर लापता लोगों को खोजने के लिए अभियान चला रहे हैं। सऊदी अरब ने कहा है कि गर्मी की वजह से बीमार करीब दो हजार तीर्थयात्रियों का इलाज किया जा रहा है। द गार्जियन के अनुसार, 17 जून को मक्का की ग्रैंड मस्जिद में तापमान 51.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सऊदी अरब के अधिकारियों के मुताबिक, मक्का में जलवायु परिवर्तन का गहरा असर हो रहा है। यहां हर 10 साल में औसत तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस बढ़ रहा है। इससे पहले पिछले साल हज पर गए 240 जायरीनों की मौत हुई थी। इनमें से ज्यादातर इंडोनेशिया के थे। सऊदी ने सभी यात्रियों को छाते इस्तेमाल करने की सलाह दी है। इसके अलावा उन्हें लगातार पानी पीने और धूप से बचने के लिए कहा जा रहा है। इस साल करीब 18 लाख तीर्थयात्री हज के लिए पहुंचे हैं। इनमें से 16 लाख लोग दूसरे देशों के हैं।

## नेपाल में संसद सचिवालय के कर्मचारियों के आन्दोलन से सदन की बैठक स्थगित करनी पड़ी



**काठमांडू।** संघीय संसद में कार्यरत कर्मचारियों के आन्दोलन के कारण बुधवार को सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। संसद की बैठक में बजट पर चर्चा के दौरान कर्मचारियों ने लाइव फीड बन्द दी। पिछले कुछ दिनों से महंगाई भत्ता और आवासीय भत्ता बढ़ाने को लेकर आन्दोलन कर रहे संसद के कर्मचारियों ने आज सदन की कार्रवाई में ही व्यवधान डाला है। प्रतिनिधि सभा में बजट पर चर्चा के दौरान स्वास्थ्य मंत्री प्रदीप यादव अपने मंत्रालय के संबंध में उठाए गए सवालों का जवाब दे रहे थे। जैसे ही सांसदों ने पूरक प्रश्न पूछना शुरू किया ।

वैसे ही संसद के आन्दोलनरत कर्मचारियों ने स्पीकर देवराज घिमिरे कै सामने रखे स्क्रीन के अलावा सभी लाइव फीड बन्द कर दी। सांसदों के सवाल और स्वास्थ्य मंत्री के जवाब का लाइव फीड बन्द किए जाने का सांसदों ने विरोध किया। स्पीकर ने तत्काल सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# बिहार में कुख्यात बाबा गैंग का मोस्ट वांटेड शूटर मोनू जायसवाल नेपाल में गिरफ्तार

**काठमांडू।** बिहार में कुख्यात बाबा गैंग का मोस्ट वांटेड शूटर मोनू जायसवाल नेपाल पुलिस के हत्थे चढ़ गया। शूटर जायसवाल को रौतहट पुलिस ने बीती रात सीमावर्ती क्षेत्र से गिरफ्तार किया। नेपाल पुलिस को भी इसकी तलाश थी। रौतहट के डीएसपी एलिजा गिरी ने बताया कि मोनू जायसवाल को बिहार के बैरगनियां से नेपाल की सीमा में घुसते समय गिरफ्तार किया गया। जायसवाल बिहार के घोडासहन का रहने



वाला है। चम्पारण और सीतामढ़ी जिले में उसके नाम का आतंक है।

डीएसपी ने बताया कि मोनू ने अपने दो साथियों के साथ दो हफ्ता पहले मौलापुर गांव में सहकारी बैंक के एक कर्मचारी को गोली मारी थी। कर्मचारी के पास17 लाख रुपये थे। इसके बाद मोनू और उसके साथी फरार हो गए थे। इसके दोनों साथियों को बिहार पुलिस ने तीन दिन पहले ही गिरफ्तार किया था

## भारत में निर्मित एंटीबायोटिक इंजेक्शन मानकों पर खरा नहीं उतरा, नेपाल ने लगाया बैन

**काठमांडू।** नेपाल के स्वास्थ्य मंत्रालय अन्तर्गत औषधि प्रशासन विभाग ने गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों का हवाला देते हुए एक भारतीय कंपनी में निर्मित एंटीबायोटिक इंजेक्शन की बिक्री और वितरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी ह ड्रग्स अथॉरिटी के अनुसार भारतीय फार्मा कंपनी जाइडस हेल्थकेयर लिमिटेड एंटीबायोटिक इंजेक्शन 'बायोटैक्स 1 ग्राम' निर्मित करती है। इसके बैच एफ 300460 के प्रयोगशाला परीक्षण से पता चला है कि दवा का उत्पादन विश्व स्वास्थ्य संगठन के मापदंडों के अनुरूप नहीं किया गया था। विभाग ने परीक्षण करने के बाद इस एंटीबायोटिक इंजेक्शन से मरीजों की जान को खतरा होने की संभावना जताई है। विभाग के प्रवक्ता प्रमोद केसी ने बताया कि इस एंटीबायोटिक में कुछ गंभीर समस्याएं पाई गई हैं। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई के बारे में निर्णय लिया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि जांच पूरी होने तक इस एंटीबायोटिक को बनाने वाली कंपनी, आयातकों और वितरकों को दवा की बिक्री, आयात और वितरण को तुरंत रोकने का निर्देश दिया गया है। केसी ने कहा कि इंजेक्शन की बिक्री को रोकने का निर्णय मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किया गया है और इससे उपचार प्रभावित नहीं होगा, क्योंकि इसी कम्पोजिशन वाली अन्य दवाएं बाजार में उपलब्ध हैं उन्होंने बताया कि बायोटैक्स 1 ग्राम इंजेक्शन एक एंटीबायोटिक दवा है, जिसका उपयोग मस्तिष्क, फेफड़े, कान, मूत्र पथ, त्वचा, कोमल ऊतकों, हड्डियों और जोड़ों, रक्त और हृदय सहित जीवाणु संक्रमण के इलाज के लिए किया जाता है। इसका उपयोग सर्जरी के दौरान संक्रमण को रोकने के लिए भी किया जाता है।

## 24 साल बाद उ. कोरिया पहुंचे पुतिन, हुए कई महत्वपूर्ण समझौते, अमेरिका ने कहा- चिंतित हैं हम

**सियोल :** रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन 24 साल बाद उत्तर कोरिया पहुंचे हैं. उ. कोरिया में पुतिन का भव्य स्वागत किया गया. क्योंकि वहां पर स्वतंत्र प्रेस की पाबंदी है, लिहाजा रूस और उ. कोरिया की ओर से जो फुटेज जारी किए गए हैं, उसमें देखा जा सकता है कि पुतिन को लेकर कितनी तैयारी की गई थी. 24 साल पहले जब पुतिन उ. कोरिया पहुंचे थे, तब किम जोंग उन के पिता राष्ट्रपति थे. लिहाजा दोनों के बीच अच्छी बॉडिंग दिख रही है. वैसे इस यात्रा को लेकर बहुत जारी अटकलें भी लगाई जा रहीं हैं. अमेरिका का आरोप है कि उ. कोरिया रूस को हथियार की सप्लाई करता है. जब से रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध की शुरूआत हुई है, अमेरिका यह आरोप लगा रहा है. इसी साल फरवरी महीने में एक खबर प्रकाशित हुई थी. इसमें द. कोरिया के रक्षा मंत्री का एक बयान प्रकाशित हुआ था. इसके अनुसार उ. कोरिया ने 30 लाख 152एमएम आर्टलरी शेल्स रूस के कंटेनर में भेजे हैं.



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इन हथियारों की सप्लाई के बदले में उ. कोरिया ने रूस से फूड प्राप्त किया था. साथ ही उसे बम बनाने के लिए रॉ मैटेरियल भी मिला था.

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रूस, उ. कोरिया से मुख्यतः तीन चीजों की मांग कर रहा है. ये हैं- लेबर, शेल (बम) और सैनिक. सैनिकों को यूक्रेन के मोर्च पर लगाया जाएगा. बदले में रूस उ. कोरिया को फूड के अलावा सैलेटलाइट तकनीक में मदद करेगा.

उ. कोरिया यह भी चाहता है कि रूस, द. कोरिया की उस नीति की आलोचना करे, जिसके कारण उ. कोरिया और द. कोरिया के बीच तनाव बढ़ रहा है. उ. कोरिया का आरोप है कि द. कोरिया उसकी सीमा पर निर्माण कार्य कर रहा है, जो गलत है. कुछ समय पहले रूस ने द. कोरिया को इसके लिए जिम्मेदार भी ठहराया था.

कहा ये भी जा रहा है कि अगर रूस ने उ. कोरिया की सैन्य मदद की, तो इस क्षेत्र में उबाल आ सकता है. अमेरिका ने कहा है कि वह घटना पर नजर रख रहा है.

रूसी समाचार एजेंसी ळअरर के अनुसार, पुतिन और किम जोंग ने 1961, 2000 और 2001 में हस्ताक्षरित पिछले समझौतों को बदलने के लिए नई रणनीतिक साझेदारी पर हस्ताक्षर किए. इसमें यह भी शामिल है कि अगर दोनों देशों में से किसी एक देश पर कोई तीसरा देश आक्रामक रूख अपनाता है, तो दूसरा देश पारस्परिक सहायता करेगा. समझौते में राजनीतिक, व्यापार, निवेश और सांस्कृतिक क्षेत्रों को शामिल किया गया है. पुतिन ने किम को एक कार गिफ्ट की.

किम जोंग ने इस मौके को ऐतिहासिक क्षण बताया है. पुतिन ने कहा कि अमेरिका, द, कोरिया और जापान का संयुक्त सैन्य अभ्यास उ. कोरिया को भड़काने वाला है. दोनों देशों के बीच प्रगाढ़ होते संबंधों ने सियोल और वाशिंगटन दोनों के बीच चिंता पैदा कर दी है. रुस को हथियार दिए जाने को लेकर अमेरिका चिंतित है. बहुत संभव है कि रूस उ. कोरिया को सैन्य प्रौद्योगिकी स्थानानंतरित कर दे. अमेरिका का मानना है कि इसके बाद उ. कोरिया और रूस मिलकर पूरी दुनिया में तबाही मचा सकते हैं.

रूसी राज्य समाचार एजेंसियों के अनुसार पुतिन ने कहा कि रूस उत्तर कोरिया के साथ सैन्य-तकनीकी सहयोग विकसित करने की संभावना से इनकार नहीं करेगा. किम के हवाले से कहा गया, 'मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह एक नई बहुध्रुवीय दुनिया के निर्माण में तेजी लाने वाली प्रेरक शक्ति बन जाएगी.' क्रेमलिन की वेबसाइट का हवाला देते हुए रूसी सरकारी मीडिया ने बताया कि रूस और उत्तर कोरिया ने स्वास्थ्य सेवा, चिकित्सा शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में सहयोग के समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए.

इससे पहले रूसी राष्ट्रपति ने उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन के साथ बुधवार को प्योंगयांग में मुलाकात की. पुतिन ने यूक्रेन पर रूस की नीतियों का समर्थन करने के लिए उत्तर कोरिया का आभार भी व्यक्त किया. रूस ने यूक्रेन पर 2022 में आक्रमण किया था और यह संघर्ष आज भी जारी है.

## श्रीलंका में चार भारतीय मछुआरे गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका की समुद्री सीमा में मंगलवार तड़के मछली पकड़ने गए चार भारतीय मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने गिरफ्तार कर उनकी नौका जब्त कर ली। इसके साथ ही इस साल अबतक 180 से अधिक भारतीय मछुआरों की गिरफ्तारी की गई है। श्रीलंकाई नौसेना ने जारी एक बयान में कहा, ह्यह्यभारतीयों द्वारा कथित रूप से मछली पकड़ने की इस हालिया घटना में मंगलवार तड़के जाफना प्रायद्वीप के उत्तरी डेल्फ्ट टापू के पास एक नौका जब्त कर ली गयी तथा तथा चार मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया। नौसेना ने कहा कि मंगलवार की गिरफ्तारियों समेत, श्रीलंका के जल क्षेत्र में अवैध तरीके से कथित रूप से मछली पकड़ने को लेकर इस साल अब तक कुल 182 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया है तथा उनकी 25 नौकाएं जब्त की गयी हैं। पिछले साल, इस तरह की करीब 240-245 गिरफ्तारियां की गई थीं। इस तरह की ज्यादातर घटनाएं पाक जलडमरूमध्य में होती है जो दोनों देशों के मछुआरों के लिए मछलियां पकड़ने का एक पसंदीदा स्थान है। यह जलडमरूमध्य तमिलनाडु को श्रीलंका के उत्तरी हिस्से से अलग करता है। श्रीलंका के मत्स्य पालन मंत्रालय ने कहा कि भारतीयों द्वारा कथित रूप से अवैध तरीके से मछली पकड़ने के मुद्दे पर, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर के 20 जून को यहां पहुंचने पर उनके साथ चर्चा की जाएगी।

## अमेरिका में भीषण गर्मी का कहर, पारा 45 डिग्री तक पहुंचा, 67 सालों का रिकॉर्ड टूटा, हेल्थ अलर्ट जारी

**फीनिक्स।** भारत में पिछले दो महीने से भीषण गर्मी का असर अब सात समंदर पार भी होने लगा है। इसी कड़ी में बेहद ठंडा देश माना जाने वाला अमेरिका भी गर्मी की चपेट में हैं, वही हीट वेब का असर अमेरिका में होने के कारण मंगलवार को करोड़ों लोगों के लिए हेल्थ अलर्ट एडवाइजरी जारी किया गया है। फिनिक्स में पारा 45 डिग्री पहुंच गया है, वहीं गर्मी के मौसम के शुरूआती हफ्ते में ही शिकागो समेत कई शहरों में गर्मी के रिकॉर्ड बन रहे हैं। फीनिक्स में शनिवार को तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। मध्य-पश्चिम के राज्यों में सोमवार को भीषण गर्मी पड़नी शुरू हो गई है, जिसे राष्ट्रीय मौसम सेवा ने खतरनाक और लंबी अवधि की गर्मी की लहर कहा है। इसके कम से कम शुक्रवार तक आयोवा से मेन तक फैलने की आशंका है। शिकागो ने सोमवार को 36.1 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ 1957 का रिकॉर्ड तोड़ दिया। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने एक्स पर किए पोस्ट में कहा है कि शिकागो में गर्म और उमस भरे मौसम के जारी रहने का अनुमान है, यह इस सप्ताह में 37.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

अमेरिका ने पिछले वर्ष भी 1936 के बाद रिकॉर्ड दो दिन तक असामान्य गर्म मौसम का सामना किया था। फीनिक्स में स्थिति सबसे खतरनाक रही थी, जहां गर्मी से संबंधित कारणों से 645 लोगों की मौत हो गई थी, जो एक रिकॉर्ड था। अधिकारियों ने लोगों को सतर्क रहने को कहा है।

## पाकिस्तान में वरिष्ठ पत्रकार की गोली मारकर हत्या

**खैबर पख्तूनख्वाः** पाकिस्तान के वरिष्ठ पत्रकार खलील जिब्रान की खैबर पख्तूनख्वा में अपने आवास के पास अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी. जिला पुलिस अधिकारी (ऊढड) खैबर सलीम अब्बास ने बताया कि एक निजी समाचार चैनल में काम करने वाले जिब्रान को मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात बदमाशों ने उस समय निशाना बनाया जब वह अपने दोस्त सज्जाद एडवोकेट के साथ अपने घर की ओर जा रहे थे.

डीपीओ ने बताया, 'पत्रकार की कार में उनके घर के पास खराबी आ गई, जिसके बाद बंदूकधारियों ने उन्हें घेर लिया,

उन्हें गाड़ी से बाहर खींच लिया और उन पर गोलियां चला दी. उनकी मौके पर ही मौत हो गई और सज्जाद घायल हो गए. अपराधी घटनास्थल से भाग गए. उन्होंने बताया कि यह घटना लांडी कोटल पुलिस थाने के निकट मजरीना इलाके में हुई. पुलिस अधिकारी के अनुसार जिब्रान लांडी कोटल प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष भी थे. शव को पोस्टमार्टम के लिए लांडी कोटल अस्पताल ले जाया गया.